www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

**मौसम**
अधिकतम तापमान 31.c
28.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**
सोना 98.935g
चांदी 100,000kg

2 सांस्कृतिक संदेश देने वाली सैन्य कार्रवाई, ऑपरेशन सिंदूर शांति के उल्लंघन के विरुद्ध एक सांस्कृतिक प्रतिक्रिया

बकरीद पर कलान में पीस कमेटी की बैठक 04

वर्ष :08 | अंक :343 | मुंबई , बुधवार , 04 जून 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2:00 रुपए

संक्षिप्त समाचार

### भारत का एक और गद्दार गिरफ्तार, 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान शेयर कर रहा था सेना से जुड़ा इनपुट

पंजाब पुलिस ने मंगलवार को तरनतारन से गगनदीप सिंह नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिस पर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना की गतिविधियों के बारे में पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के साथ कथित तौर पर जानकारी साझा करने का आरोप है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि गगनदीप सिंह पाकिस्तान स्थित खालिस्तान समर्थक नेता गोपाल सिंह चावला के भी संपर्क में था। पुलिस ने एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है, जिसमें खुफिया जानकारी है जिसे उसने पाकिस्तानी खुफिया अधिकारियों (पीआईओ) के साथ साझा किया था, तथा 20 से अधिक आईएसआई संपर्कों का विवरण भी है। काउंटर-इंटेलिजेंस-पंजाब से प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए तरण-तारन पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में गगनदीप सिंह उर्फ गगन को गिरफ्तार किया। पंजाब के डीजीपी ने कहा कि जांच से पता चला है कि वह सैन्य तैनाती और रणनीतिक स्थानों सहित गोपनीय विवरण साझा करने में शामिल था, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा पैदा हो रहा था।

### दिल्ली में प्रदूषण से मिलेगी राहत, रेखा गुप्ता सरकार ने शुरू की यह योजना, कृत्रिम बारिश की भी तैयारी

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, कपिल मिश्रा और आशीष सूद ने वायु प्रदूषण शमन योजना 2025 का शुभारंभ किया। इस दौरान रेखा गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण दिवस बहुत करीब है और दिल्ली में वायु प्रदूषण हम सभी से जुड़ा मामला है। सालों से हम वायु प्रदूषण से पीड़ित हैं। वायु प्रदूषण ने सालों से दिल्ली के लोगों को परेशान किया है। हमारा एक सपना है - स्वच्छ दिल्ली, हरी दिल्ली, स्वस्थ दिल्ली। मुझे बहुत खुशी है कि हमारे पर्यावरण विभाग, हमारे पर्यावरण मंत्री ने एक शानदार वायु प्रदूषण शमन योजना 2025 का मसौदा तैयार किया है। रेखा गुप्ता ने कहा कि बहुत जल्द ही दिल्ली में क्लाउड सीडिंग के जरिए पहली कृत्रिम बारिश होगी। उन्होंने कहा कि प्रदूषण को कम करने और खत्म करने के लिए, हम अपने सभी विज्ञान संगठनों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करेंगे, जो अपने नवीनतम नवाचारों का उपयोग करेंगे और प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई में दिल्ली सरकार की मदद करेंगे। उदाहरण के लिए, दिल्ली सरकार ने आईआईटी कानपुर के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जो क्लाउड सीडिंग और कृत्रिम बारिश पर आधारित है

# ट्रंप का कॉल और नरेंद्र सरेंडर...

## सीजफायर को लेकर मोदी पर राहुल गांधी का तीखा हमला, 1971 का किया जिक्र

**राहुल गांधी का तीखा हमला**

राहुल ने कहा कि ट्रंप का एक फोन आया और नरेंद्र जी तुरंत सरेंडर हो गए – इतिहास गवाह है, यही भाजपा–आरएसएस का चरित्र है, ये हमेशा झुकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने 1971 में अमेरिका की धमकी के बावजूद पाकिस्तान को तोड़ा था। कांग्रेस के बब्बर शेर और शेरनियां महा शक्ति से लड़ते हैं, कभी झुकते नहीं।



**एमपी में शुरू किया संगठन सृजन अभियान, 6 घंटे में 4 मीटिंग कीं**

राहुल गांधी मंगलवार को मध्य प्रदेश के दौरे पर हैं। उन्होंने संगठन सृजन अभियान की शुरूआत की। प्रदेश में यह अभियान 10 जून से 30 जून तक चलेगा। राहुल ने 6 घंटे में चार अलग–अलग बैठकें कीं। राहुल गांधी ने कार्यकताओं से कहा, तीन तरह के घोड़े होते हैं। रेस वाला, बारात वाला और लंगड़ा घोड़ा। रेस वाला घोड़ा दौड़कर आगे बढ़ जाता है। बारात वाला घोड़ा, बारात तक ही चल पाता है। तीसरा घोड़ा लंगड़ा होता है जो किसी काम का नहीं होता। हमें रेस वाला घोड़ा बनना है। दौड़कर आगे जाना है।

**राहुल बोले- आज दो हिंदुस्तान बन रहे हैं**

राहुल गांधी ने कहा कि देश में दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों की आबादी करीब 90% है, लेकिन इनकी भागीदारी ही नहीं है। देश में कुछ चुनिंदा पूंजीपतियों को ही सारा पैसा दिया जाता है। आज दो हिंदुस्तान बन रहे हैं– एक 90% का हिंदुस्तान और दूसरा कुछ चुने हुए लोगों का हिंदुस्तान। ऐसे में हम सुपर पावर बनने की चाहे कितनी भी बात कर लें, लेकिन ये तभी संभव है जब हिंदुस्तान अपनी पूरी शक्ति का उपयोग करे।

एजेंसी

मध्य प्रदेश। मध्य प्रदेश दौरे पर गए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को सीजफायर को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा है। राहुल ने कहा कि ट्रंप का एक फोन आया और नरेंद्र जी तुरंत सरेंडर हो गए - इतिहास गवाह है, यही भाजपा-आरएसएस का चरित्र है, ये हमेशा झुकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने 1971 में अमेरिका की धमकी के बावजूद पाकिस्तान को तोड़ा था। कांग्रेस के बब्बर शेर और शेरनियां महा शक्ति से लड़ते हैं, कभी झुकते नहीं।कांग्रेस नेता ने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा-आरएसएस वालों पर थोड़ा सा भी दबाव डालो, डरकर भाग जाते हैं। डोनाल्ड ट्रम्प ने उधर से फोन कर कहा- नरेंदर.. सरेंडर, इधर नरेंद्र मोदी ने 'जी हुजूर' कहकर ट्रंप के इशारे का पालन किया। एक वक़्त 1971 का भी था, जब अमेरिका का सातवां बेड़ा आया था, लेकिन इंदिरा गांधी जी ने कहा था- मुझे जो करना है, वो करूंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा-आरएसएस वालों का कैरेक्टर ही ऐसा है। इन्हें आजादी के समय से सरेंडर वाली चिट्ठी लिखने की आदत है। कांग्रेस पार्टी सरेंडर नहीं होती है। गांधी जी, नेहरू जी, सरदार पटेल जी- ये सरेंडर वाले लोग नहीं हैं, बल्कि सुपरपावर से लड़ने वाले लोग हैं।राहुल ने आगे कहा कि जातिगत जनगणना के दो मॉडल हैं। एक तेलंगाना का मॉडल, दूसरा बिहार का मॉडल। बिहार में अफसरों ने जातिगत सर्वे के लिए बिना दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों, जनरल कास्ट या अल्पसंख्यकों से पूछे ही सवाल तैयार कर दिए। वहीं, तेलंगाना में हमने लाखों लोगों से सवाल पूछा। हमारे इस प्रॉसेस में 3.5 लाख से ज्यादा लोगों ने एक साथ मिलकर सवाल निकाले हैं। तेलंगाना के हर घर में सरकार के अफसर गए और सर्वे से जुड़े सवाल पूछे। इससे हमें पता चला कि प्रदेश में कॉर्पोरेट सेक्टर के बड़े पदों पर एक भी दलित, आदिवासी या पिछड़े वर्ग का व्यक्ति नहीं था।

# नुकसान नहीं, नतीजे मायने रखते हैं...

## सीडीएस अनिल चौहान बोले, 8 घंटे में पाकिस्तान को घुटने पर लाया

महाराष्ट्र के पुणे में भविष्य के युद्ध और युद्ध पर एक विशेष व्याख्यान देते हुए सीडीएस चौहान ने कहा कि किसी भी कार्रवाई का परिणाम महत्वपूर्ण होता है। जनरल अनिल चौहान ने कहा कि जब मुझसे हमारे पक्ष में हुए नुकसान के बारे में पूछा गया, तो मैंने कहा कि ये महत्वपूर्ण नहीं हैं।




एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ अनिल चौहान ने मंगलवार को कहा कि भारत असफलताओं पर ध्यान नहीं दे सकता है और उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ देश के ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की। महाराष्ट्र के पुणे में भविष्य के युद्ध और युद्ध पर एक विशेष व्याख्यान देते हुए सीडीएस चौहान ने कहा कि किसी भी कार्रवाई का परिणाम महत्वपूर्ण होता है। जनरल अनिल चौहान ने कहा कि जब मुझसे हमारे पक्ष में हुए नुकसान के बारे में पूछा गया, तो मैंने कहा कि ये महत्वपूर्ण नहीं हैं। परिणाम और आप कैसे कार्य करते हैं, ये महत्वपूर्ण है। नुकसान के बारे में बात करना बहुत सही नहीं होगा।चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ ने आगे कहा कि मान लीजिए कि आप एक क्रिकेट टेस्ट मैच में जाते हैं, और आप एक पारी से हार जाते हैं, तो कितने विकेट, कितनी गेंदें और कितने खिलाड़ी हैं, इसका कोई सवाल ही नहीं है। उन्होंने कहा कि तकनीकी मापदंडों के आधार पर, हम यह विशेष डेटा निकालेंगे और आपके साथ साझा करेंगे। हम आपको बताएंगे कि हमने कितने विमान नष्ट किए और हमने कितने रडार नष्ट किए। हम इसका एक मोटा आकलन करेंगे और जल्द ही इसके बारे में बताएंगे।

# क्या अब वन नेशन, वन हसबैंड की स्कीम है?

**पंजाब सीएम भगवंत मान का ऑपरेशन सिंदूर पर पीएम मोदी का नाम लेकर विवादित बयान**

मान ने कहा कि वे कह रहे हैं कि वे हर घर में सिंदूर भेजेंगे। अगर आपके घर सिंदूर भेजा जाता है, तो क्या आप मोदी के नाम का सिंदूर लगाएंगे? क्या 'एक राष्ट्र, एक पति' आपकी नई योजना है? प्रधानमंत्री पर उनके हमले में आप के वरिष्ठ नेता संजय सिंह की तीखी टिप्पणी की याद ताजा हो गई, जिन्होंने कथित अभियान की निंदा करते हुए इसे सस्ता राजनीतिक स्टंट बताया।

एजेंसी

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भाजपा के कथित 'घर-घर सिंदूर अभियान' पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि पार्टी चुनावी लाभ के लिए पवित्र भारतीय परंपराओं का राजनीतिकरण कर रही है। लुधियाना पश्चिम विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रचार करते हुए मान ने कहा कि हम इसमें क्या कर सकते हैं? आप सिंदूर के नाम पर वोट मांग रहे हैं। उन्होंने सिंदूर का मजाक उड़ाया है। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता उन खबरों की ओर इशारा कर रहे थे जिनमें कहा गया था कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भाजपा कार्यकर्ता घरों में सिंदूर बांट रहे हैं। हालांकि, भाजपा ने ऐसा कोई अभियान शुरू करने से इनकार किया है। मान ने कहा कि वे कह रहे हैं कि वे हर घर में सिंदूर भेजेंगे। अगर आपके घर सिंदूर भेजा जाता है, तो क्या आप मोदी के नाम का सिंदूर लगाएंगे? क्या 'एक राष्ट्र, एक पति' आपकी नई योजना है? प्रधानमंत्री पर उनके हमले में आप के वरिष्ठ नेता संजय सिंह की तीखी टिप्पणी की याद ताजा हो गई, जिन्होंने कथित अभियान की निंदा करते हुए इसे सस्ता राजनीतिक स्टंट बताया। सिंह ने एक लोकप्रिय हिंदी फिल्म के संवाद पर आधारित एक्स पर पोस्ट किया था, क्या चुटकी सिंदूर का महत्व आप क्या जानते हैं मोदी जी? भारतीय संस्कृति में, महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र, सम्मान और कल्याण के प्रतीक के रूप में सिंदूर लगाती हैं। यह गर्व, गरिमा और गहरे भावनात्मक अर्थ को दशार्ता है।



### जमानत के बावजूद हिरासत में रखा गया, रान्या राव की मां ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया

सुनवाई के दौरान अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अरविंद कामथ ने कहा कि मामले में आपत्तियां पहले ही दर्ज की जा चुकी हैं। इसके बाद अदालत ने कार्यवाही 18 जून तक के लिए स्थगित कर दी। रान्या राव और दूसरे आरोपी तरुण कोंडारू राजू को पिछले महीने आर्थिक अपराध के लिए विशेष अदालत ने जमानत दे दी थी।

एजेंसी



कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव की मां ने कर्नाटक उच्च न्यायालय में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की है, जिसमें सोने की तस्करी के मामले में अपनी बेटी की हिरासत की वैधता को चुनौती दी गई है। रान्या राव को 20 मई को आर्थिक अपराधों के लिए विशेष न्यायालय द्वारा जमानत दी गई थी, लेकिन विदेशी मुद्रा संरक्षण और तस्करी गतिविधियों की रोकथाम अधिनियम, 1974 (कोफेपोसा) के तहत दायर एक अलग मामले के कारण वह हिरासत में ही रहेंगी।

# शशी थरूर ने आतंकी समूह को बचाने के लिए पाकिस्तान और बीजिंग दोनों को लताड़ा

### कहा- अपने दोस्त के समर्थन में...

संयुक्त राष्ट्र में लश्कर-ए-तैयबा समर्थित 'प्रतिरोधक मोर्चे' को बचाने में बीजिंग की भूमिका की आलोचना करते हुए थरूर ने कहा, 'हम संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंध समिति को समय-समय पर आरएफ के बारे में रिपोर्ट करते रहे हैं। जब भारत ने सुरक्षा परिषद में अपने मित्रों को सुरक्षा परिषद द्वारा जारी प्रेस वक्तव्य में प्रतिरोध मोर्चे का उल्लेख करने के लिए प्रोत्साहित किया, तब भी हमने इस बारे में रिपोर्ट की।'

एजेंसी



नयी दिल्ली। शशि थरूर ने मंगलवार को कहा कि भारत पाकिस्तान के साथ बातचीत कर सकता है, बशर्ते वह अपनी धरती पर पनप रहे आतंकवादी ढांचे के खिलाफ ठोस कार्रवाई करे। कांग्रेस सांसद पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को खुलेआम प्रायोजित करने के बारे में दुनिया को अवगत कराने के उद्देश्य से राजनेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। उसने कहा कि इस्लामाबाद के साथ बातचीत करने में समस्या एक आम भाषा खोजने की नहीं बल्कि शालीनता और शांति के लिए एक आम दृष्टिकोण खोजने की है। संयुक्त राष्ट्र में लश्कर-ए-तैयबा समर्थित 'प्रतिरोधक मोर्चे' को बचाने में बीजिंग की भूमिका की आलोचना करते हुए थरूर ने कहा, 'हम संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंध समिति को समय-समय पर आरएफ के बारे में रिपोर्ट करते रहे हैं। जब भारत ने सुरक्षा परिषद में अपने मित्रों को सुरक्षा परिषद द्वारा जारी प्रेस वक्तव्य में प्रतिरोध मोर्चे का उल्लेख करने के लिए प्रोत्साहित किया, तब भी हमने इस बारे में रिपोर्ट की।'

# भारत में कोरोना के सक्रिय मामले 4,000 के करीब पहुंचे

## दिल्ली में 47 संक्रमण की रिपोर्ट, मुंबई में 20 पॉजिटिव

ताजा आंकड़ों की मानें तो भारत में कोविड–19 के उपचाराधीन मामलों की संख्या बढ़कर 4,000 से अधिक हो गई है, जिसमें केरल सबसे अधिक प्रभावित राज्य बना हुआ है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत में एक बार फिर से कोरोना वायरस के केस बढ़ रहे हैं। पिछले कई दिनों से लगातार संख्या में इजाफा देखा गया है। कोविड के सबसे ज्यादा केस केरल और महाराष्ट्र में देखे गये हैं। कुछ मरीज कोरोना के कारण गंभीर अवस्था में भी पहुंच गये हैं। लगभग 37 लोगों ने इस वायरस के कारण अपनी जान गंवाई है। ताजा आंकड़ों की माने तो भारत में कोविड-19 के उपचाराधीन मामलों की संख्या बढ़कर 4,000 से अधिक हो गई है, जिसमें केरल सबसे अधिक



प्रभावित राज्य बना हुआ है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, केरल के बाद महाराष्ट्र, गुजरात और दिल्ली कोविड-19 से सबसे अधिक प्रभावित राज्यों में शामिल हैं। भारत में कोविड-19 की स्थिति की करीब से निगरानी की जा रही वर्तमान में केरल

### उपचाराधीन मामलों की संख्या 4,000 से अधिक हुई

देश में पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या 4,026 दर्ज की गई और संक्रमण से पांच मरीजों की मौत की सूचना है। इस साल जनवरी के बाद से देश में कोविड–19 से अब तक 37 लोगों के मरने की सूचना है। देश में 22 मई को उपचाराधीन मरीजों की संख्या 257 थी और 31 मई तक यह संख्या बढ़कर 3,395 हो गई और इसके बाद उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 4,026 हो गई।

में 1,446 उपचाराधीन मरीज हैं जो देश में सबसे अधिक है। इसके बाद महाराष्ट्र में 494, गुजरात में 397 और दिल्ली 393 उपचाराधीन मरीज हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, कोरोना वायरस के संक्रमण से पिछले 24 घंटे में केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में एक-एक मरीज की मौत हुई है ।

# दूसरों की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचा सकते

## जेल में ही रहेंगी शर्मिष्ठा पनोली, कोलकाता हाईकोर्ट ने नहीं दी राहत

मामले की सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति पार्थ सारथी चटर्जी ने अंतरिम जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि देखिए, हमारे पास बोलने की स्वतंत्रता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप दूसरों को चोट पहुँचाते रहेंगे। हमारा देश विविधतापूर्ण है, यहाँ विभिन्न जाति, पंथ और धर्म के लोग रहते हैं। हमें यह कहते समय सावधान रहना चाहिए। इसलिए, परसों आसमान नहीं गिरेगा।

एजेंसी



कलकत्ता हाईकोर्ट ने मंगलवार को इंस्टाग्राम कंटेंट क्रिएटर शर्मिष्ठा पनोली को अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया, जिन्हें ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर एक समुदाय के खिलाफ अब हटाए गए वीडियो में कथित रूप से विवादास्पद बयान देने के लिए गिरफ्तार किया गया था। अपने आदेश में अदालत ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की सीमा उस सीमा तक नहीं बढ़ाई जा सकती जहां इससे किसी व्यक्ति या समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचे। मामले की सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति पार्थ सारथी चटर्जी ने अंतरिम जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि देखिए, हमारे पास बोलने की स्वतंत्रता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप दूसरों को चोट पहुँचाते रहेंगे। हमारा देश विविधतापूर्ण है, यहाँ विभिन्न जाति, पंथ और धर्म के लोग रहते हैं। हमें यह कहते समय सावधान रहना चाहिए।

**आरोप** आतंकियों की मदद करने का है आरोप

# एलजी मनोज सिन्हा का एक्शन, 3 सरकारी कर्मचारी बर्खास्त

एजेंसी

नयी दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और हिज्ब-उल-मुजाहिदीन (एचएम) के साथ कथित संलिप्तता के लिए तीन सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त करने का आदेश दिया। संविधान के अनुच्छेद 311(2)(सी) के तहत की गई यह कार्रवाई राज्य के संस्थानों में आतंकवाद और उसके समर्थन नेटवर्क पर प्रशासन की चल रही कार्रवाई का हिस्सा है। बर्खास्त किए गए तीन कर्मचारी - मलिक इश्फाक नसीर, जम्मू-कश्मीर पुलिस में कांस्टेबल; एजाज अहमद, स्कूल शिक्षा विभाग में शिक्षक; और वसीम अहमद खान, सरकारी मेडिकल कॉलेज, श्रीनगर में जूनियर असिस्टेंट



है। तीनों फिलहाल जेल में हैं। अधिकारियों ने कहा कि तीनों सुरक्षा बलों और नागरिकों के खिलाफ ऑपरेशन में आतंकवादी समूहों की सीधे तौर पर मदद कर रहे थे।2007 में भर्ती हुए पुलिस कांस्टेबल मलिक इश्फाक नसीर को लश्कर का सक्रिय सहयोगी पाया गया। उसका भाई मलिक आसिफ नसीर पाकिस्तान में प्रशिक्षित लश्कर का आतंकवादी था, जो 2018 में मारा गया। मलिक ने पुलिस बल में सेवा करते हुए संगठन का समर्थन करना जारी रखा, हथियारों और विस्फोटकों की तस्करी में मदद की। जम्मू क्षेत्र में हथियारों की तस्करी की 2021 की जांच के दौरान उसकी संलिप्तता सामने आई। मलिक ने कथित तौर पर सीमा पार लश्कर के

तीनों फिलहाल जेल में हैं। अधिकारियों ने कहा कि तीनों सुरक्षा बलों और नागरिकों के खिलाफ ऑपरेशन में आतंकवादी समूहों की सीधे तौर पर मदद कर रहे थे। 2007 में भर्ती हुए पुलिस कांस्टेबल मलिक इश्फाक नसीर को लश्कर का सक्रिय सहयोगी पाया गया।

संचालकों के लिए जीपीएस-निर्देशित हथियारों की आपूर्ति के समन्वय के लिए अपने आधिकारिक पद का इस्तेमाल किया। वह जम्मू-कश्मीर के भीतर सुरक्षित ड्रॉप जोन की पहचान करने और आतंकवादियों को हथियार वितरित करने के लिए भी जिम्मेदार था।2011 में सरकारी स्कूल में शिक्षक के रूप में नियुक्त एजाज अहमद पुंछ में एचएम के साथ मिलकर काम करता पाया गया। नवंबर 2023 में उसके संबंधों का खुलासा हुआ जब उसे और उसके एक सहयोगी को नियमित पुलिस जांच के दौरान पकड़ा गया। उसकी टोयोटा फॉर्च्यूनर में हथियार, गोला-बारूद और हिज्ब-उल-मुजाहिदीन के पोस्टर मिले।

वसीम अहमद खान, जो 2007 से श्रीनगर के सरकारी मेडिकल कॉलेज में कार्यरत था, को लश्कर और हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकवादियों की मदद करने में उसकी भूमिका के लिए बर्खास्त कर दिया गया था। बटमालू आतंकी हमले की एक अलग जांच के दौरान 2018 में पत्रकार शुजात बुखारी और उनके दो पुलिस गार्डों की हत्या में उसकी संलिप्तता का पता चला था।

# यूपीए सरकार ने नौ सर्जिकल स्ट्राइक कीं, लेकिन उनका राजनीतिकरण नहीं किया- सुरजेवाला



एजेंसी

साथ ही कहा कि इन शक्तियों का राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। कांग्रेस सांसद रणदीप सुरजेवाला ने इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस के कार्यकाल के दौरान कम से कम नौ ऐसे सर्जिकल स्ट्राइक का दस्तावेजीकरण किया गया है।

नयी दिल्ली। कांग्रेस सांसद शशि थरूर द्वारा मोदी सरकार की सर्जिकल स्ट्राइक की प्रशंसा करने वाली टिप्पणियों को लेकर उठे विवाद के बीच, कांग्रेस ने कहा कि राजनीतिक नेतृत्व ने हमेशा सशस्त्र बलों को आतंकी शिविरों या आतंकवादियों को बेअसर करने की स्वतंत्रता दी है। साथ ही कहा कि इन शक्तियों का राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। कांग्रेस सांसद रणदीप सुरजेवाला ने इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस के कार्यकाल के दौरान कम से कम नौ ऐसे सर्जिकल स्ट्राइक का दस्तावेजीकरण किया गया है। हालांकि, कांग्रेस का मानना है कि सत्ताधारी पार्टी या किसी और के लिए राजनीतिक लाभ के साधन के रूप में सशस्त्र बलों का उपयोग करना अपवित्र है। हाल ही में पनामा में प्रवासी समुदाय के एक कार्यक्रम में थरूर ने विवाद को हवा दी। ऑपरेशन सिंदूर की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि यह भारत के सैन्य रुख में बदलाव का प्रतीक है।

उन्होंने कहा, 2016 के उरी हमले के बाद पहली बार भारत ने एलओसी पार करके आतंकी ठिकानों पर हमला किया। यहां तक कि कारगिल युद्ध के दौरान भी हमने एलओसी पार नहीं की थी।

# सम्पादकीय

## गंभीर संकट का संकेत है ग्लोबल वार्मिंग

जलवायु परिवर्तन या यों कहे कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते मानव अस्तित्व पर आ रहे संकट की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि 2 जून को समूचे विश्व में ग्लोबल हीट एक्शन डे मनाया जाने लगा है। ग्लोबल वार्मिंग के दुष्परिणाम तेजी से हमारे सामने आने लगे हैं। लाख प्रयासों, शिखर सम्मेलनों और संकल्पों के बावजूद पृथ्वी पर तापमान की बढ़ती दर को रोकने में हम पूरी तरह से विफल रहे हैं। 1850 से अब तक के रेकार्ड के अनुसार विश्व में अब तक का सबसे गर्म साल 2024 रहा है। वर्कले अर्थ द्वारा जारी रिपोर्ट में भी इस बात की पुष्टि होती है कि सर्वाधिक गर्म साल 2024 रहा है। मजे की बात यह है कि यह सब तो तब है जब ग्लोबल वार्मिंग को लेकर वैश्विक सम्मेलन लगातार आयोजित हो रहे है और पृथ्वी के बढते तापमान को डेढ़ डिग्री तक सीमित करने के प्रयास किये जा रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग का सीधा सीधा अर्थ धरती के तापमान में बढ़ोतरी होना है। इस साल 2025 के ग्लोबल हीट डे की थीम रिकागनाइजिंग एण्ड रेस्पोडिंग टू हीट स्ट्रोक रखा गया है। दुनिया के देष 2050 तक ग्लोबल वार्मिंग दर को 50 प्रतिशत कम तक लाना है। दरअसल 1896 में ही स्वीडिस मौसम विज्ञानी ने ग्लोबल वार्मिंग के खतरों से चेता दिया था। 1975 में ग्लोबल वार्मिंग को लेकर सबसे पहली रिपोर्ट आई और 1988 में अमेरिका की सीनेट में नासा वैज्ञानिक जैम्स हेनसेन से चर्चा करते हुए आने वाले संकट को स्पष्ट कर दिया था। ग्लोबल वार्मिंग के चलते आज दुनिया के देशों, समुद्र किनारे के शहरों, जंगलों की जैव विविधता और बच्चों, बुजुर्गों और पुरानी बीमारियों से ग्रसित लोगों के सामने गंभीर संकट आ गया है। कहने का अर्थ यह है कि यह संकट किसी एक स्थान या एक नागरिक विशेष पर ना होकर समूची मानव जाति और अस्तित्व पर आ गया है। इसके दुष्परिणामों को तो इस तरह से समझा जा सकता है कि ग्लेशियर तेजी से पिघलने लगे हैं, इससे समुद्र का जल स्तर लगातार बढने लगा है। मौसम के हालात अस्पष्ट होते जा रहे हैं। गर्मी और अधिक लंबी व गर्म होती जा रही है तो मौसम चाहे सर्दी हो, गर्मी हो या बरसात हो चरम स्थिति में होने लगा है। रेगिस्तान बढ रहा है तो जलवायु परिवर्तन या यों कहें कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते नित नए चक्रवात, तूफान, बरसात के दिन कम होने के बावजूद एक ही समय में अत्यधिक बरसात, सर्दियों में अधिक बरसात आदि सामने आ रहे हैं। मौसम विज्ञानियों ने पहले ही चेता दिया था कि औद्योगिक क्रान्ति और उसके चलते हमारी जीवन शैली में बदलाव से ग्लोबल वार्मिंग के हालात बनते जा रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग का सबसे प्रमुख कारण जीवाश्म ईंधन का अत्यधिक उपयोग रहा है। कोयला, तेल, गैस आदि जीवाश्म ईंधन के उपयोग से अंतरिक्ष की परत प्रभावित हुई है और उसके चलते तापमान में बढ़ोतरी के हालात बनते जा रहे हैं। हमें भूलना नहीं चाहिए कि जीवाश्म ईंधन के साथ ही कुछ अन्य कारण भी है जिनके चलते तापमान में बढ़ोतरी हो रही है।

# आज का विचार






# राशिफल

**मेष राशि :** अनुकूल रहने वाला है. आपके खर्चों में कमी आएगी और अटका धन प्राप्त होगा, जिससे आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा. पारिवारिक वातावरण अच्छा रहेगा.

**वृषभ राशि:** आज अच्छा हो सकता है. धन का निवेश करने से बचें क्योंकि आपके खर्चे बढ़ेंगे तो स्थिति से तालमेल बिठाना थोड़ा मुश्किल हो जाएगा. परिवार का सहयोग मिलता रहेगा, जिससे काम भी आसानी से बन जाएंगा.

**मिथुन राशि:** आज अनुकूल रहने वाला है. काम पर पूरा ध्यान देंगे, जिससे अच्छे नतीजे भी मिलेंगे. आय में वृद्धि के योग बन रहे हैं और किसी बड़े व्यक्ति का सहयोग से आपके काम भी पूरे होंगे. सामाजिक कार्यों को करने से सम्मान के रूप में कोई पुरस्कार भी मिल सकता है.

**कर्क राशि:** आज अनुकूल साबित होगा, भाग्य का साथ मिलेगा. किसी सरकारी अधिकारी की मदद से महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलेगी. नौकरी पेशा जातकों के प्रॉजेक्ट्स से अच्छे परिणाम की प्राप्ति होगी. आपका कारोबार आगे बढ़ सकता है और नए ऑर्डर भी मिल सकते हैं. पारिवारिक वातावरण अच्छा रहेगा.

**सिंह राशि:** मध्यम फलदायी रहने वाला है. आपके कुछ कार्य अटक सकते हैं तो कुछ काम बन भी जाएंगे. व्यापार के सिलसिले में आपकी योजनाओं से अच्छे परिणाम मिलेंगे. विदेश में रहने वालों को अच्छा लाभ मिलेगा. हयोग से विरोधियों पर हावी रहेंगे.

**कन्या राशि:** महत्वपूर्ण रहेगा, ठंडे मौसम की वजह से आपका मन किसी भी काम में नहीं लगेगा. इनकम में कमी आएगी और कुछ जरूरी खर्चे भी बढ़ सकते हैं. व्यापारियों को आज बड़ी सफलता मिल सकती है और कोई बड़ा ऑर्डर भी मिलेगा.

**तुला राशि:** अनुकूल रहने वाला है. कार्यक्षेत्र के कुछ जरूरी काम बन जाने से मानसिक तनाव से मुक्ति मिलेगी. व्यापार में अच्छे लाभ के योग बन रहे हैं. किसी अच्छे फायदे के सौदे से अच्छा मुनाफा भी मिलेगा. परिवार में क्लेश की स्थिति उत्पन्न हो सकता है, इसलिए शांतिपूर्ण स्थिति बनाए रखने का प्रयास करें.

**वृश्चिक राशि:** अनुकूल रहने वाला है. कार्यक्षेत्र में अपने काम पर पूरा ध्यान देंगे और कोई नया काम भी हाथ में ले सकते हैं. नौकरीपेशा जातकों पर काम का दबाव रहेगा. आप कोई ऐसी चीज खरीद सकते हैं, जिससे आपकी सुख-सुविधाएं बढ़ें.

**धनु राशि:** अनुकूल रहने का संकेत मिल रहा है. लव लाइफ को खूबसूरत बनाने की कोशिश करेंगे और पार्टनर के लिए कोई अच्छी ड्रेस ला सकते हैं, जिससे रिश्ता मजबूत होगा. गृहस्थ जीवन में गलतफहमियां दूर होंगी और नजदीकियां बढ़ेंगी, पारिवारिक वातावरण अच्छा रहेगा.

**मकर राशि :** अच्छा रहने वाला है. मित्रों से अनबन की स्थिति बन सकती है, इसलिए क्रोध और स्वयं पर नियंत्रण रखें, मामले को आगे बढ़ाने से नुकसान होगा. किसी बात को लेकर मन में दुविधा रहेगी, उसके समाधान के लिए किसी करीबी से चर्चा कर सकते हैं. आपके सामाजिक कार्यों से परिवार का सम्मान बढ़ेगा.

**कुंभ राशि:** अच्छा रहेगा, लेकिन सर्द मौसम की वजह से स्वास्थ्य को लेकर चिंतित रहेंगे. पेट दर्द, एसिडिटी और ऐंठन भी परेशान कर सकते हैं, सेहत का ध्यान रखें और पर्याप्त नींद लेने की कोशिश करें. पारिवारिक वातावरण अच्छा रहेगा. व्यापार में अधिक प्रयास से सफलता मिलेगी. गृहस्थ जीवन प्यार भरा रहेगा और

**मीन राशि :** बेहद अनुकूल रहने वाला है और आपको चिंताओं से मुक्ति मिलेगी. आप में जबरदस्त आत्मविश्वास रहेगा, जो कुछ नया करने की प्रेरणा देगा. नौकरी पेशा जातकों के प्रभाव में वृद्धि होगी. आज आप भविष्य के लिए किसी नई योजना में निवेश कर सकते हैं. लव लाइफ वालों को पार्टनर से झगड़ने से बचना होगा क्योंकि ऐसा करने से रिश्ते में दरार आ सकती है. काम के सिलसिले में दिन अनुकूल रहेगा

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# सांस्कृतिक संदेश देने वाली सैन्य कार्रवाई, ऑपरेशन सिंदूर शांति के उल्लंघन के विरुद्ध एक सांस्कृतिक

> ऑपरेशन सिंदूर भारत के विकासशील राष्ट्रीय सिद्धांत की एक प्रमुख घटना है। यह भारत के उस स्वरूप को दशार्ता है जहां ताकत और धर्म का सामंजस्य है। इस दौरान 140 करोड़ भारतीयों ने क्षेत्र धर्म जाति वर्ग की सीमाओं को पार करते हुए इस बात पर सहमति जताई कि आतंक के विरुद्ध भारत एकजुट है।

पा ऑपरेशन सिंदूर केवल आतंक के विरुद्ध भारत की एक प्रतिक्रिया भर नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना की पुनः उद्घोषणा है। यह एक ऐसा क्षण है, जिसमें धर्म के मार्ग पर चलकर राष्ट्र की अस्मिता और सम्मान की रक्षा सुनिश्चित हुई है। हाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी राष्ट्र को संबोधित करते हुए ऑपरेशन सिंदूर को भारत की रणनीतिक और सांस्कृतिक प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं, अपितु भारत की सुरक्षा नीति, नैतिक दृढ़ता और सांस्कृतिक चेतना का एक सशक्त प्रदर्शन था। उनका यह संदेश स्पष्ट है कि अब भारत न तो पुरानी नीतियों से बंधा रहेगा, न ही आतंक को सहन करेगा। यह भारत की विदेश और रक्षा नीति में बुद्ध से प्रेरित, दृढ़ निश्चय से संचालित और पूरी सटीकता के साथ लागू किया गया एक नया अध्याय है। सिंदूर शब्द भारत की सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है। यह मातृत्व, समर्पण और जीवन-दायिनी शक्ति का प्रतीक है। इस ऑपरेशन को यह नाम देना एवं सुरक्षा बल के दो मातृशक्तियों की प्रेसवार्ता में उपस्थिति यह स्पष्ट संदेश था कि भारत का सम्मान और अस्मिता सर्वोपरि है। ऑपरेशन के दौरान भारत ने सिर्फ आतंकी ठिकानों और सैन्य संसाधनों को ही



निशाना बनाया, आमजन को हानि नहीं पहुंचाई। यह गीता की उस शिक्षा का पालन था जिसमें कहा गया है कि युद्ध तभी उचित है जब धर्म संकट में हो, और तब भी केवल अधर्मी के विरुद्ध हो, निर्दोष के नहीं। भारत ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि उसकी सैन्य शक्ति प्रतिशोध से नहीं, अपितु विवेक और नैतिकता से संचालित होती है। भारत न युद्ध में विश्वास करता है, न कायरता में, बल्कि बुद्ध के बताए शांति और धर्म के मार्ग में इसकी आस्था है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने एक ऐसा सुरक्षा ढांचा विकसित कर लिया है, जो त्वरित, संतुलित एवं विध्वंसात्मक प्रतिक्रिया दे सकता है। यह एक मानसिक और सामरिक बदलाव का संकेत है। अब हमारी नीति यह है-देश के दुश्मनों के प्रति शून्य सहिष्णुता और त्वरित प्रतिक्रिया। भारत अब सिर्फ घटनाओं की प्रतीक्षा नहीं करता, वह सक्रियता से आगे बढ़ता है। यह नीति अब भारत के वैश्विक संबंधों को भी आकार दे रही है। जो राष्ट्र स्पष्ट सोच, नैतिक नेतृत्व और संतुलित शक्ति के उदाहरण खोज रहे हैं, उनके लिए भारत अब एक आदर्श बन रहा है। भारत का यह दृष्टिकोण न तो विस्तारवादी है, न ही झुकने वाला-यह एक आत्मविश्वासी, सांस्कृतिक और सैद्धांतिक शक्ति का उद्घोष है। आतंकवाद के विरुद्ध भारत की यह कार्रवाई सिर्फ भू-राजनीतिक नहीं थी, वरन उसके गहरे दार्शनिक और आध्यात्मिक सिद्धांतों से जुड़ी थी। भारतीय संस्कृति संघर्ष को धर्म के संदर्भ में देखती है, न कि क्रोध या हिंसा के। गीता का प्रसिद्ध श्लोक है-यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत...। अर्थात श्रीकृष्ण कहते हैं कि जब-जब धर्म की हानि और अधर्म की वृद्धि होती है, तब-तब मैं प्रकट होता हूं। यह दशार्ता है कि कब किसी संस्कृति को अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए खड़ा होना चाहिए है। इसी तरह गुरु गोबिंद सिंह जी ने कहा था कि जब सभी उपाय समाप्त हो जाएं, तब तलवार उठाना उचित है। यह भारत की नैतिक चेतना में गहराई से पिरोया हुआ है। यह युद्ध के लिए उकसावा नहीं, बल्कि अन्याय के विरुद्ध नैतिक आधार है। इस दृष्टि से ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्यकदम नहीं, बल्कि शांति के उल्लंघन के विरुद्ध एक सांस्कृतिक प्रतिक्रिया है। ऑपरेशन सिंदूर भारत के विकासशील राष्ट्रीय सिद्धांत की एक प्रमुख घटना है। यह भारत के उस स्वरूप को दशार्ता है जहां ताकत और धर्म का सामंजस्य है। इस दौरान 140 करोड़ भारतीयों ने क्षेत्र, धर्म, जाति, वर्ग की सीमाओं को पार करते हुए इस बात पर सहमति जताई कि आतंक के विरुद्ध भारत एकजुट है। आज गांवों से लेकर शहरों तक, विद्यार्थियों से लेकर सैनिकों तक, एक नया आत्मविश्वास जाग उठा है। न अंधराष्ट्रवाद में डूबा, न डर में सहमा, अपितु आत्मगौरव से भरा हुआ भारत सबके सामने खड़ा है। यह एक ऐसी सभ्यता का प्रतीक है, जो अब अपने भविष्य को स्वयं गढ़ने को तैयार है। जहां दुनिया आज सिर्फ लेन-देन और स्वार्थ की राजनीति में उलझी है, वहीं भारत एक ऐसा राष्ट्र बनकर उभर रहा है, जो जीवन-मूल्यों, सामर्थ, साहस और परंपरा पर खड़ा है। भारत अब केवल जवाब नहीं देता, बल्कि वह पहले से खतरे को पहचानता है, गरिमा से उसका सामना करता है और वैश्विक संवाद के नियमों को पुनः परिभाषित कर रहा है। इसका संदेश बिल्कुल स्पष्ट है-भारत अब परमाणु युद्ध की धमकियों या अंतरराष्ट्रीय दबाव के आगे झुकने वाला नहीं है। कुल मिलाकर ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सुरक्षा अभियान नहीं, बल्कि भारत की सनातन चेतना की पुनर्व्याख्या है। यह एक ऐसे भारत का उदय है, जो नैतिक दृष्टि से अडिग, रणनीतिक रूप से सक्षम और संकल्प में अचल है। यह सिर्फ नया भारत नहीं है, बल्कि यह विवेकशील भारत है, जो धर्म और नैतिकता पर आधारित, जीवन के सभी पहलुओं पर सामर्थ अर्जित कर रहा है, अपने उद्देश्य में स्पष्ट और कर्तव्य में निडर है।

# ऑपरेशन सिंदूर का रौद्र रूप

संजीव ठाकुर




आज पाकिस्तान के तथाकथित फील्ड मार्शल और पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमले के पाकिस्तान आर्मी के मास्टरमाइंड जनरल असीम मुनीर ने आतंकवादियों को भेज कर 26 भारतीय पुरुषों की उनकी पत्नियों के सामने धर्म पूछ कर निर्मम हत्या करने के बाद कल्पना भी नहीं की थी कि भारत में सिंदूर का कितना बड़ा महत्व है और भारत इसका बदला भयानक एवं इतने बृहद रूप में लेगा। भारत में सिंदूर का मतलब शक्ति शौर्य और मंगलमय जीवन का प्रतीक होता है। ऑपरेशन सिंदूर के तीव्र आक्रमण से वहां की फौज प्रशासन और आवाम बम के गोलों से थर-थर कांप उठी है।

भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान को सिंदूर के महत्व को अच्छे से समझा दिया है और भारतीय महिलाओं के शौर्य, शक्ति के प्रतीक ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत के जवाबी हमले ने पाकिस्तान के 9 एयरबेस की तबाही और लगभग 100 मृत दुर्दांत आतंकवादियों के साथ पूरे पाकिस्तान को यह बात बहुत अच्छे से याद दिला दी है की भारत को छेड़ोगे तो भारत छोड़ेगा नहीं। ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत भारत के पाकिस्तान के अंदर घुसकर जो ताबड़तोड़ हमले कर कार्रवाई की है उसके बाद भारत की छवि विश्व में एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभरी है। अब भारत से कई देश से अस्त्र-शस्त्र की खरीदी के लिए कतार में खड़े होते दिखाई दिए हैं। भारत ने जिस तरह ब्रह्मोस मिसाइल और २400 से चीनी तथा टर्किए के 500 से ज्यादा ड्रोन तथा मिसाइल को हवा में ही ध्वस्त किया है वह अपने आप में एक वैश्विक मिसाल है। भारत ने कूटनीतिक पहलकर पाकिस्तान की आतंकवादी छवि को स्पष्ट करने के लिए लगभग 50 से ज्यादा सांसदों को विभिन्न देशों में भेज कर पारदर्शिता का एक अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया है भारत विश्व में अब एक बड़ी राजनीतिक, आर्थिक तथा सामरिक शक्ति बन कर उभरा है भारत में वर्तमान में अपनी वैश्विक छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दुगुना किया है विदेशों में भारत की स्थिति में निरंतर सुधार हुआ है। भारत की छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर बनाने के लिए कूटनीति आर्थिक व्यापारिक समझौते तथा पाकिस्तान को युद्ध में बुरी तरह परास्त करने के बाद एक बड़ी सामरिक शक्ति बनकर उभरने के अलावा इस समय बहुत बड़ा योगदान भारत के हर क्षेत्र के डिजिटलाइजेशन का भी ज्यादा रहा है भारत में डिजिटलाइजेशन के नए आयामों को छुआ है और विश्व में इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका भी निभा रहा है इसमें दो मत नही कि वर्तमान के प्रधानमंत्री का बड़ा योगदान और ऊजार्वान, दमदार वैश्विक नेता के रूप में भूमिका रही है। पिछले 11 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विदेश नीति में खुलापन तथा विदेशी निवेशकों को भारत में आमंत्रित किया है उससे इसमें बड़े परिवर्तन की संभावनाओं इजाफा किया है भारत विश्व का एकमात्र सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है कई वर्षों से ब्रिटिश उपनिवेश में रहने और स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात गरीबी, भुखमरी ,बेरोजगारी जैसे बड़े रुकावटी कारकों का से जिस तरह डटकर मुकाबला कर उस से निजात पाने का प्रयास किया है वह अत्यंत उल्लेखनीय है। कोरोना कल में भारत ने अभूतपूर्व तरीके से स्वदेशी दवाइयां का एवं अन्य उपकरणों का निर्माण कर करके एक रिकॉर्ड भी बनाया है और इस पहल के परिणाम स्वरूप भारत में करोन पर प्रभावी नियंत्रण पानी में सफलता पाई थी। इसके अलावा भारत में ऐसे संक्रमण काल में स्वदेशी निर्मित मेडिकल इंजेक्शन दवाईयां तथा उपकरणों को भी विदेशी देशों को मदद पहुंचाई थी। स्वतंत्रता मिलने के पश्चात भारत में नियोजन की नीति अपनाई तथा वर्ष 1951 में प्रारंभ पंचवर्षीय योजनाओं के अंतर्गत सभी चुनौतियों का सामना करते हुए सराहनीय प्रगति की है वर्ष 1951 से लेकर अब तक 12 पंचवर्षीय योजनाएं क्रियान्वित की जा चुकी है वर्ष 2015 में राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान की स्थापना की गई जो भारत को वैश्विक स्तर पर महाशक्ति बनाने की दिशा में सहयोग कर रहा है वैश्विक स्तर पर भारत की खेती 1990 के पश्चात निरंतर बढ़ रही है इस दिशा में 1990 के दशक में भारत सरकार द्वारा अपनाई जाने वाली उदारीकरण निजीकरण तथा वैश्वीकरण की नीति का महत्वपूर्ण योगदान भी माना जा रहा है उक्त समय में भारत की दशा अत्यंत दयनीय थी इसके अतिरिक्त मुद्रास्फीति बेरोजगारी जैसी स्थित ने विकराल रूप धारण कर लिया था, किंतु विकास की नीति को अपनाने के पश्चात से भारत ने इन परिस्थितियों से निपटने के साथ ही आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त किया भारत ने अपने प्राकृतिक संसाधनों एवं विशाल जनसंख्या के उपयोग कर विश्व पटल में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है भारत की विशाल जनसंख्या को आर्थिक सफलता के मजबूत स्तंभ कहा जा सकता है। भारत ने अपने प्राकृतिक संसाधनों एवं विशाल जनसंख्या का उपयोग कर उत्पादन को कई गुना बढ़ाया है आज की स्थिति में भारत को एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में देखा जा सकता है और इसे तथाकथित भावी विश्व शक्ति चीन का सबसे ताकतवर प्रतिनिधि तथा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का भावी सदस्य के रूप में भी देखा जा रहा है भारत में समय के अनुसार अपनी नीतियों तथा विकास के प्रति मानको में परिवर्तन कर निरंतर आर्थिक विकास की दर को प्राप्त करते हुए अधिकांश विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति की है वास्तव में वर्तमान समय में भारत के ऐतिहासिक बदलाव के दौर से गुजर रहा है, जिससे विश्व के सभी देश किसी न किसी रूप से जुड़कर प्रभावित भी हुए हैं 1974 उल्लेखनीय रहा है क्योंकि भारत ने पोखरण में पहला परमाणु परीक्षण किया गया इसका विरोध विश्व के तमाम विकसित देशों ने बहुत जोरदार ढंग से किया भारत को काफी मुश्किलों का सामना भी करना पड़ा था वर्ष 2008 में हमारे देश और अमेरिका रूस फ्रांस ब्रिटेन तथा चीन को छोड़कर पी5 के सभी सदस्य देशों के मध्य हुए असैन्य परमाणु समझौता से यह स्पष्ट हो गया था कि अब वैश्विक पटल पर भारत की अनदेखी नहीं की जा सकती है 2009 में भारत के प्रधानमंत्री का अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अपने कार्यालय में राजकीय अतिथि के रूप में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री का स्वागत करके कहा कि भारत अब एक परमाणु शक्ति संपन्न देश बन चुका है। यह भारत के छठे परमाणु संपन्न राष्ट्र के तौर पर मिली औपचारिक मान्यता ही थी

# स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए साइकिल चलाना कभी ना छोड़े

यह तो आप सभी को मालूम ही है की साइकिलआमतौर पर आज दिखाई देने वाले वाहनों से भी बहुत पहले का एक सर्व सुलभ और सस्ता वाहन रहा है। यही वजह है कि इसकी उपयोगिता को देखते हुए विश्व साइकिल दिवस हर साल 3 जून को मनाया जाने लगा है। यह दिवस साइकिल चलाने के लाभों को बढ़ावा देने और लोगों को साइकिल चलाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए ही मनाया जाता है सर्वप्रथम संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2018 में 3 जून को विश्व साइकिल दिवस के रूप में घोषित किया था। यह निर्णय साइकिल चलाने के लाभों को बढ़ावा देने और लोगों को साइकिल चलाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए लिया गया था। विश्व साइकिल दिवस के उद्देश्य 1.साइकिल चलाने के लाभों को बढ़ावा देना ।विश्व साइकिल दिवस का उद्देश्य साइकिल चलाने के लाभों को बढ़ावा देना है, जैसे कि व्यायाम, पर्यावरण संरक्षण, और आर्थिक लाभ ।2. लोगों को साइकिल चलाने के लिए प्रोत्साहित करना। विश्व साइकिल दिवस का उद्देश्य लोगों को साइकिल चलाने के लिए प्रोत्साहित करना है, खासकर उन लोगों को जो साइकिल चलाने के लिए नए हैं ।3. साइकिल चलाने की संस्कृति को बढ़ावा देना। विश्व साइकिल दिवस का उद्देश्य साइकिल चलाने की संस्कृति को बढ़ावा देना है, जिससे लोग साइकिल चलाने को एक स्वस्थ और पर्यावरण अनुकूल विकल्प के रूप में देखें। विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर हम सामूहिक रूप से साइकिल रैली आयोजित करें और विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर साइकिल रैली आयोजित करें और लोगों को साइकिल चलाने के लिए प्रोत्साहित करें ।साइकिल चलाने के लिए प्रोत्साहित करें। विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर लोगों को साइकिल चलाने के लिए प्रोत्साहित करें और उन्हें साइकिल चलाने के लाभों के बारे में बताएं ।साइकिल संबंधी कार्यक्रम आयोजित करें। विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर साइकिल संबंधी कार्यक्रम आयोजित करें, जैसे कि साइकिल प्रदर्शनी, साइकिल चलाने की प्रतियोगिता, आदि कार्यक्रमों के आयोजन से लोगों का रुझान साइकिल जैसे वाहन की और निश्चित ही बढ़ेगा, और साइकिल का उपयोग करने में सब की रुचि जागेगी। यह कार्य निश्चित ही पर्यावरण और स्वास्थ्य के सुधार में एक महत्व कदम साबित होगा ।तो चले आज से ही ऐसा ठान लें कि हमें कम से कम स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए एक घंटे दो घंटे ही सही साइकिल चलाने का कार्य शुरू करना है ।आमतौर पर देखा जाए तो साइकिल बहुत ही उपयोगी और मितव्ययी वाहन है। आजकल लोगों को जल्दबाजी और रफ्तार का ऐसा जुनून चरार्या हुआ है कि लोगों ने इस स्वास्थ्यवर्धक और कम खर्च वाले वाहन की तरफ ध्यान देना बिलकुल छोड़ दिया है।

फलतः अब लोग साइकिल चलाते हुए कम ही दिखते हैं। साइकिल को अब पिछड़े और पुराने जमाने की चीज समझा जाने लगा है। यह सोच ही नासमझी से भरा जान पड़ता है। गांव हो या शहर अब साइकिल चालक बहुत कम दिखाई देते हैं, जिसे भी देखो वह फरार्टेदार बाईक, स्कूटी, अन्य पेट्रोल चालित या इलेक्ट्रिक वाहनों में ही आना-जाना पसंद करने लगे हैं ।इस वाहन को नजरअंदाज करना लोगों को अब भारी भी पडने लगा है।

इसके कई दुष्परिणाम सामने नजर आने लग गए हैं, जैसे स्वास्थ्य का बिगड़ना, पर्यावरण का बिगाड़ और खर्चों में बढ़ोतरी। यह प्रारंभिक और चिंतनीय भी कारण है। जिस पर विचार करना अत्यंत आवश्यक है। यह तो सर्वविदित तथ्य है की साइकिल एक बहुत ही उपयोगी और पर्यावरण अनुकूल वाहन है। इसकी उपयोगिता कितने ही मायनों में आपको दिखाई दे जाएगी

# तटकरे की टॉवेल का गोगावले खेमे ने निकाला रुमाल

## रायगढ़ पालक मंत्री पर शिंदे सेना-अजित पवार आमने- सामने

छत्रपति शिवाजी महाराज के जुड़े महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के पालक मंत्री का विवाद सुलझ नहीं पा रहा है। महायुति के दोनों घटक यानी शिवसेना और एनसीपी फिर आमने-सामने आ गए हैं। सुनील तटकरे के जवाब में अब शिवसेना के विधायकों ने तेवर दिखाए हैं। तो अजित पवार की पार्टी भी भड़क गई है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः महाराष्ट्र में रायगढ़ जिले के पालक मंत्री पद को लेकर एक बार फिर शिंदे सेना और अजित पवार की पार्टी आमने-सामने हैं। शिवसेना के दो विधायक महेंद्र थोरवे और महेंद्र दलवी ने अजित पवार की पार्टी के सांसद व प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे के खिलाफ खुलेआम चुनौती दी है। इन दोनों विधायकों का जवाब एनसीपी (अजित पवार) के आनंद परांजपे ने दिया। उन्होंने विधायक थोरवे और दलवी की तुलना कलियुग के मुगलों के वंशजों से की। यह स्थिति तब बनी है जब अमित शाह के रायगढ़ दौरे मे इस विवाद का हल निकलने की उम्मीद जताई गई थी। यह माना गया कि महाराष्ट्र में अब एनसीपी और शिवसेना मे अब सुलह हो जाएगी।

### टॉवेल के जवाब में रुमाल

गौरतलब है कि चंद दिन पहले महाड में आयोजित एक कार्यक्रम में अजित पवार की एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने कंधे पर टॉवेल रखकर भरत गोगावले का मजाक उड़ाया था। तटकरे का जवाब गोगावले ने जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में सफेद रुमाल बांधकर चुनौती दी गई। अलीबाग में आयोजित एक कार्यक्रम में शिवसेना विधायक महेंद्र दलवी ने चुनौती देते हुए कहा कि कुछ भी हो जाए जल्द ही भरत गोगावले ही रायगढ़ के पालक मंत्री होंगे।

# अजित पवार ने चाचा के साथ गुप्त बैठक को किया खारिज, एनसीपी के विलय पर बोले तटकरे और देशमुख

महाराष्ट्र में लंबे समय से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी यानी एनसीपी के दो धड़ों के एक होने की अटकलें लग रही हैं। पिछले कुछ महीने में डिप्टी सीएम अजित पवार की अपने चाचा शरद पवार के साथ नजदीकी भी बढ़ी। महाराष्ट्र में दोनों के बीच गुप्त बैठक होने पर अब खुद अजित पवार ने चुप्पी तोड़ी है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः महाराष्ट्र में उपमुख्यमंत्री अजित पवार और शरद पवार के बीच लगातार मुलाकातें हो रही है। इससे अटकलों का बाजार गरम है कि जल्द ही पवार परिवार की दोनों एनसीपी एक हो जाएंगी। अजित पवार के साथ शरद पवार की गुप्त बैठक को लेकर चर्चा गरम है जिसे अजित पवार ने सिरे से खारिज कर दिया है कि हमारी उनके साथ किसी प्रकार की गुप्त बैठक हुई है। इस बात का खंडन दोनों एनसीपी के प्रमुख नेताओं ने भी किया है। अजित पवार की पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे का कहना है कि जो कुछ चल रहा है वह सोशल मीडिया में चल रहा है। हमारे पास ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं आया है। इधर, शरद पवार की पार्टी के नेता अनिल देशमुख ने भी साफ शब्दों में कहा कि पार्टी के अंदर दोनों एनसीपी के एक होने पर कोई चर्चा नहीं है।

### क्या बोले अजित पवार?

पुणे में अजित पवार और शरद पवार के बीच एक बंद कमरे में गुप्त बैठक की खबर उड़ी। दोनों की दलों के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे और जयंत पाटील के भी मिलकर चर्चा करने की बात भी सामने आई। इस पर सोमवार को अजित पवार ने इस बात से साफ इनकार कर दिया कि उनकी शरद पवार के साथ बंद कमरे में कोई चर्चा हुई है। पवार ने इसे सिरे से खारिज कर दिया। उल्टा पवार ने सवाल किया कि आखिर यह खबर आई कहां से कि हमारी कोई उनसे गुप्त वार्ता हुई है ? उपमुख्यमंत्री पवार ने कहा कि मेरे बेटे की सगाई थी जिसमे वे आए थे। परिवार के किसी भी समारोह या कार्यक्रम में हम सभी सदस्य मिलकर मनाते हैं। सुख-दुख में परिवार के सभी सदस्य एक साथ रहते हैं। पवार ने कहा कि विचारधाराएं अलग-अलग हैं, लेकिन परिवार के मामले में हम एक है। उपमुख्यमंत्री पवार ने आगे कहा कि मैं पुणे जिले का पालक और राज्य का वित्त मंत्री हूं इसलिए सरकारी बैठकों में मैं शामिल होता ही हूं, जिसमें वे भी आते हैं। अब इसमें गुप्ता वार्ता कहां से आ जाती है ?

### पवार खेमे से आई प्रतिक्रिया

शरद पवार की पार्टी के नेता और पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख ने कहा कि एनसीपी (एसपी) का अजित पवार की एनसीपी के विलय को लेकर शरद पवार और अजित पवार के बीच कोई चर्चा नहीं हुई है। देशमुख ने कहा कि दोनों नेता चीनी और शैक्षणिक संस्थानों से जुड़े मुद्दों पर अलग-अलग मौकों पर मिलते रहते हैं।

फास्ट ट्रैक

# मुंबईकरों के लिए गुड न्यूज, 5 जून को पूरा खुल जाएगा समृद्धि महामार्ग, इगतपुरी-ठाणे के अंतिम फेज का उद्घाटन कल

महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम ने समृद्धि महामार्ग के अंतिम फेज के उद्घाटन का मुहूर्त निकाल लिया है। गुरुवार, 5 जून को इगतपुरी से ठाणे तक बने समृद्धि महामार्ग के 76 किमी के मार्ग को वाहनों के लिए खोल दिया जाएगा। 5 जून को समृद्धि महामार्ग के अंतिम फेज का उद्घाटन किया जाएगा।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम ने समृद्धि महामार्ग के अंतिम फेज के उद्घाटन का मुहूर्त निकाल लिया है। गुरुवार, 5 जून को इगतपुरी से ठाणे तक बने समृद्धि महामार्ग के 76 किमी के मार्ग को वाहनों के लिए खोल दिया जाएगा। अंतिम फेज के खुलने से वाहन कम समय में मुंबई से नागपुर आ-जा सकेंगे। समृद्धि के अंतिम के 76 किमी के मार्ग का निर्माण कार्य करीब एक महीने पहले ही पूरा कर लिया गया है। लेकिन सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों हाइवे का उद्घाटन कराना चाहती थी। इस वजह से निर्माण कार्य पूरा होने के बाद भी अंतिम फेज को वाहनों के लिए खोला नहीं जा रहा था।कब होगा उद्घाटनप्रधानमंत्री की ओर से समय न मिल पाने के बाद सरकार ने अब बिना उनकी उपस्थिति के इसे चालू करने का फैसला किया है। टरफऊउ के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, 5 जून को समृद्धि महामार्ग के अंतिम फेज का उद्घाटन किया जाएगा।फिलहाल 625 किमी के मार्ग पर आवाजाहीमुंबई से नागपुर के बीच 701 किमी लंबा हाइवे तैयार किया गया है। अब तक 701 किमी में से अब तक 625 किमी के मार्ग पर वाहनों के लिए खोल दिया गया है। 11 दिसंबर 2022 को नागपुर से शिर्डी के बीच 520 किमी हाइवे को खोला गया था। दूसरे फेज के तहत शिर्डी से भरवीर के 80 किमी के मार्ग और पिछले साल तीसरे फेज में भरवीर से इगतपुरी के बीच के 25 किमी मार्ग को खोला गया था।अब सिर्फ 7 घंटे में पूरा सफरपूरे हाइवे के खुलने से मुंबई से नागपुर का सफर केवल 7 से 8 घंटे में पूरा हो सकेगा। वहीं, हाइवे बनने से मुंबई से नासिक और शिर्डी जाने वाले भक्तों का भी सफर आसान होगा। मौजूदा समय में भक्तों को मुंबई से शिर्डी पहुंचने में 7 से 8 घंटे का समय लगता था, वहीं, अब यह सफर करीब 5 घंटे में पूरा हो सकेगा। समृद्धि महामार्ग को मुंबई के करीब तक लाने के लिए भिवंडी और ठाणे के नेशनल हाइवे की सड़क को चौड़ा किया जा रहा है।

# मुंबई के चिड़ियाघर में जन्मे पेंग्विन के बच्चों को दिया जाए मराठी नाम, बीजेपी के विधायक की अनोखी मांग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः अब तक 'मराठी बनाम बाहरी' की राजनीति केवल इंसानों तक सीमित थी, लेकिन अब यह बहस शहर के एक चिड़ियाघर में जन्मे पेंग्विन के बच्चों तक पहुंच गई है। मुंबई के वीरमाता जीजाबाई भोसले उद्यान एवं प्राणी संग्रहालय (रानी बाग) में जन्मे पेंग्विन के बच्चों को मराठी नाम देने की मांग को लेकर बीजेपी ने मोर्चा खोल दिया है। बीजेपी के विधायक नितिन बांकर के नेतृत्व में प्रदर्शन करते हुए पार्टी कार्यकताओं ने मांग की कि चिड़ियाघर में जन्मे इन पेंग्विन के बच्चों को मराठी नाम दिया जाए, क्योंकि वे महाराष्ट्र की मिट्टी पर जन्मे हैं।उठाए ये सवालनितिन बांकर ने सवाल उठाया है कि अगर विदेशी पेंग्विन के नाम अंग्रेजी में हो सकते हैं, तो हमारे यहां जन्मे बच्चों के नाम मराठी में क्यों नहीं? उनका कहना है कि पहले जब पेंग्विन विदेश से लाए गए थे, तब उनके नाम अंग्रेजी में रखने पर कोई आपत्ति नहीं थी। लेकिन अब जो बच्चे महाराष्ट्र की धरती पर जन्मे हैं, उन्हें मराठी पहचान मिलनी चाहिए। नितिन बांकर ने दावा किया कि उन्होंने इस मांग को लेकर बृहन्मुंबई नगर निगम को कई बार पत्र लिखा

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की जन्म शती पर हिंदी विवेक द्वारा विशेष काव्यात्मक वीडियो का लोकार्पण

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

**संघ शक्ति की सदा विजय हो..!**

**जय हो, भारत मॉ की जय हो..!**






मुंबई। सनातन संस्कृति की प्रखर चेतना को अपनी सशक्त शैली के माध्यम से निरंतर जगाये रखने वाले भारत के प्रमुख सांस्कृतिक एवं सामाजिक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में नवसृजित विशेष काव्य रचना संघ शक्ति की सदा विजय हो, जय हो भारत मॉ की जय हो..! पर आधारित विशेष काव्यात्मक वीडियो का लोकार्पण सोमवार, 2 जून, 2025 को देश की प्रमुख सांस्कृतिक एवं साहित्यिक पत्रिका हिंदी विवेक द्वारा महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में किया गया। यह जानकारी देते हुए हिंदी विवेक के प्रमुख कार्यकारी अधिकारी अमोल पेडणेकर ने बताया कि उनकी टीम द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विभिन्न रचनात्मक पहलों के क्रियान्वयन का निर्णय लिया गया है। इसी श्रृंखला की पहली कड़ी के रूप में नवसृजित विशेष काव्यात्मक वीडियो का लोकार्पण किया गया और इसे अंतर्राष्ट्रीय पटल पर पहुँचाने के लिए हिंदी विवेक के यू-ट्यूब चैनल पर अपलोड किया गया है, जिसे समाज के विभिन्न क्षेत्रों से काफी अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। इस विशेष काव्यात्मक वीडियो के रचनाकार मुंबई के सुप्रसिद्ध गीतकार, मंच संचालक और मीडिया सलाहकार गजानन महतपुरकर हैं, जिन्होंने पूर्व में भी श्रीराम मंगलगान, धरोहर और दुनिया को पहचान ले बेटा..! सहित विभिन्न लोकप्रिय गीत लिखे हैं, जो यू-ट्यूब पर धूम मचा रहे हैं।इसी क्रम में अब संघ शक्ति की सदा विजय हो, जय हो भारत मॉ की जय हो..! की प्रमुख पंक्तियों वाले इस विशेष जयगान गीत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना से लेकर पिछले 100 वर्षों में सुनिश्चित की गई विभिन्न गतिविधियों और पहलुओं को बखूबी पिरोया गया है। इन पंक्तियों में अभिव्यक्त भावों और शब्दों के अनुरूप संघ के गौरवशाली सफर से जुड़ी विभिन्न तस्वीरों का संयोजन भी वीडियो में सुरुचिपूर्ण ढंग से सुनिश्चित किया गया है, जिसे व्यापक तौर पर सराहा जा रहा है। वीडियो में इस गरिमापूर्ण काव्य रचना को वरिष्ठ लेखिका और हिंदी विवेक की कार्यकारी सम्पादक सुश्री पल्लवी अन्वेकर ने अपना स्वर दिया है और वीडियो का निर्माण एवं निर्देशन हिंदी विवेक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अमोल पेडणेकर द्वारा सुनिश्चित किया गया है। श्री पेडणेकर ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत अगली प्रमुख कड़ी के रूप में हिंदी विवेक पत्रिका द्वारा दीपस्तम्भ नामक विशेष ग्रंथ प्रकाशनाधीन है, जिसका लोकार्पण आगामी गुरु पूर्णिमा के अवसर पर 10 जुलाई, 2025 को एक गरिमापूर्ण समारोह में किया जायेगा। इस ग्रंथ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ऐतिहासिक एवं गौरवशाली यात्रा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी के अलावा सुरुचिपूर्ण साक्षात्कार, विशेष आलेख एवं अन्य महत्वपूर्ण सामग्री सम्मिलित की जा रही है। संघ की जन्म शताब्दी पर नवसृजित विशेष काव्यात्मक वीडियो का यू-ट्यूब लिंक नीचे साझा किया गया है।

# थाईलैंड से यात्री भर लाया आया 48 जहरीले सांप, मुंबई एयरपोर्ट पर चेकिंग में हुआ खुलासा, अधिकारी रह गए दंग

मुंबई हवाई अड्डे पर कस्टम के अधिकारियों के उस वक्त होश उड़ गए जब उन्होंने बैंकांक से मुंबई पहुंची फ्लाइट के एक यात्री के बैग की जांच की। यात्री के बैग में एक दो नहीं बल्कि 48 जहरीले सांप भरे हुए थे। इस वाकए से अधिकारी भी सन्न रह गए।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अक्सर में जांच में यात्रियों से सोने और दूसरे महंगी चीजें बरामद की जाती हैं लेकिन कस्टम की जांच में एक यात्री से अधिकारियों ने 48 विषैले सांप और पांच कछुए बरामद किए। यात्री के पास जहरीले सांप मिलने पर के खुलासे पर सुरक्षा स्टॉफ भी दशहत में आ गया। यह यात्री थाईलैंड गया था और उसने भारत आने के बैंकांक से फ्लाइट ली थी।बैग में थे जहरीले सांपजानकारी के अनुसार मुंबई के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक भारतीय यात्री के पास 48 अत्यंत विषैले सांप और पांच कछुए पाए गए। अधिकारियों ने बताया कि रात को शक होने पर एक यात्री को रोका गया। उसके बैग में 48 बेहद जहरीले वाइपर सांप और पांच कछुए पाए गए। रॉ (वन्यजीव कल्याण के लिए रेसक्विंक एसोसिएशन) की एक टीम ने इन प्रजातियों की पहचान और प्रबंधन में सहायता की। जिसके बाद वाइल्डलाइफ प्रोटेक्शन एक्ट के अनुसार वाइपर सांप और कछुए को वापस उस देश भेजा जाएगा।

# सिमी के पूर्व सदस्य शाकिब नाचन के ठिकानों पर एटीएस का छापा, 22 लोगों को हिरासत में लिया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के बाद से ही जांच एजेंसियों ने तलाशी अभियान चला रखा है। इसी कड़ी में ठाणे एटीएस ने ग्रामीण पुलिस के साथ मिलकर सिमी के पूर्व सदस्य शाकिब नाचन के घर और आसपास के इलाके में तलाशी अभियान चलाया। 22 लोगों को हिरासत में लिया गया, जिन्हें पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक 300 से ज्यादा पुलिसकर्मी इस अभियान में शामिल थे। एटीएस को मोबाइल हैंडसेट, तलवार, छुरे, संपत्ति से संबंधित संदिग्ध दस्तावेज और आतंकवाद/कट्टरपंथ को बढ़ावा देने वाले आपत्तिजनक दस्तावेज मिले हैं।

# पश्चिम रेलवे ने मानसून 2025 के लिए की तैयारी

## मुंबई की जीवनरेखा मानसून के लिए व्यापक तैयारियों के साथ तैयार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




Specialised Suction & Desludging Machine



Micro-tunneling to augment discharge capacity

मुंबई, आगामी मानसून सीजन के दौरान ट्रेनों का निर्बाध परिचालन सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय कदम उठाते हुए पश्चिम रेलवे ने अपने मुंबई उपनगरीय नेटवर्क में मानसून की तैयारी से जुड़ी कई महत्वपूर्ण गतिविधियों को सफलतापूर्वक पूरा किया है। इन व्यापक उपायों का उद्देश्य भारी बारिश के दौरान व्यवधानों को कम करना और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। गौरतलब है कि 2024 में मानसून की तैयारी और शमन के लिए पश्चिम रेलवे की पहलों ने यह सुनिश्चित करने में मदद की कि मुंबई उपनगरीय खंड में किसी भी स्थान पर कोई जलभराव या बाढ़ की स्थिति नहीं बनी और पिछले साल मानसून के कारण कोई सेवा बाधित न होने की उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की।पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, आगामी मानसून सीजन के दौरान निर्बाध ट्रेन सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए मिशन मोड पर लक्षित कार्यों की एक श्रृंखला शुरू की गई है। प्रमुख गतिविधियाँ जैसे पुलिया, नालों और नालियों की सफाई और सफाई, पटरियों के किनारे की गंदगी और कचरा हटाना, अतिरिक्त जलमार्गों का निर्माण, उच्च क्षमता वाले पंपों की स्थापना और पेड़ों की छंटाई जैसे कार्य सटीकता और तत्परता के साथ किए गए हैं। पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल ने एक समर्पित मानसून सावधानी पुस्तिका तैयार की है, जो कर्मचारियों के लिए एक विस्तृत कार्य योजना प्रदान करती है। इस योजना में व्यवधानों को कम करने, रेलवे संपत्तियों को नुकसान को कम करने और यात्रियों को सूचित रखने के लिए डिजाइन किए गए उपायों की एक श्रृंखला शामिल है। विस्तृत योजना शामिल सभी कर्मचारियों के लिए एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शिका के रूप में कार्य करती है।इन उपायों के अलावा पश्चिम रेलवे बुनियादी ढांचे के रखरखाव और उन्नयन पर भी ध्यान केंद्रित किया है, विशेष रूप से सिगनलिंग और दूरसंचार के क्षेत्र में उठाए गए निम्न प्रमुख कदमों के बारे में श्री विनीत ने विस्तार से बतायाः

ड्रेनेज कार्य : कुल 58 पुलिया और 55 किलोमीटर से अधिक नालियों की सफाई की गई है। इसके अतिरिक्त, रेलवे यार्डों में पानी की सुचारू निकासी के लिए पिछले वर्ष 3 किलोमीटर नई जल निकासी लाइनें और नए मैनहोल बनाए गए हैं। बाढ़ से ट्रैक की सुरक्षा के लिए वसई-विरार खंड में 4.5 किलोमीटर लंबी रिटेनिंग दीवार का निर्माण किया गया है।

मलबा साफ करना : पश्चिम रेलवे ने उपनगरीय खंड पर मलबा/कचरा/मिट्टी की सफाई के लिए मलबा विशेष ट्रेन चलाई है। मलबा विशेष ट्रेनों के लगभग 480 चक्कर लगाए गए। मलबा भरे बैगों को भरने और खाली करने के लिए मलबा विशेष वैगन, जेसीबी, पोकलेन और मजदूरों को तैनात करके यह काम किया गया था। इससे पानी की सुचारू निकासी में मदद मिलेगी।

बाढ़ से निपटना : जलभराव को रोकने के लिए संवेदनशील स्थानों पर 104 उच्च क्षमता वाले जल निकासी पंप लगाए गए हैं। पिछले वर्ष की तुलना में पंपिंग क्षमता में 10% की वृद्धि की गई है। गोरेगांव-मालाड सेक्शन, प्रभादेवी-माटुंगा सेक्शन और बोरीवली और विरार स्टेशनों पर माइक्रोटनलिंग विधि से अतिरिक्त पाइप खोलने का काम किया गया है।

36 रणनीतिक स्थानों पर बाढ़ मापक यंत्र लगाए गए हैं।

वृक्ष प्रबंधन : ट्रैक पर अवरोधों से बचने के लिए, 36 पेड़ों (ट्रैक के 4 मीटर के भीतर) को काट दिया गया है या हटा दिया गया है।

ट्रैक और संरचना सुरक्षा : बाढ़ की आशंका वाले संवेदनशील स्थानों की पहचान की गई और उन पर काम किया गया है, जबकि बाढ़ के जोखिम को कम करने के लिए निचली पटरियों को ऊपर उठाया गया है। संवेदनशील पुलों के वास्तविक समय और प्रामाणिक जल-स्तर की जानकारी लेने के लिए, चार प्रमुख पुलों (पुल 20, 66, 72 और 76) पर SCADA-आधारित (पर्यवेक्षी नियंत्रण और डेटा अधिग्रहण) जल स्तर निगरानी उपकरण लगाए गए हैं। ये उपकरण हर 12 घंटे और जब भी पानी खतरे के स्तर तक पहुँचता है, तो यह सभी संबंधितों को जल स्तर के बारे में एसएमएस भेजते हैं।

सहयोगात्मक निरीक्षण : मानसून की तैयारियों की समीक्षा के लिए बीएमसी, एमबीएमसी और वीवीसीएमसी के साथ संयुक्त निरीक्षण किया गया है।

उन्नत निगरानी और सर्वेक्षण : बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में ड्रोन सर्वेक्षण किए गए हैं, 5 ऑटोमेटेड डिजिटल रेन गेज (ARG) लगाए गए हैं जो वर्षा का वास्तविक समय में, सटीक डेटा प्रदान करते हैं। जोगेश्वरी-विरार खंड में नालों की सफाई का सर्वेक्षण और निगरानी करने के लिए भी ड्रोन का उपयोग किया जा रहा है।

प्रौद्योगिकी का उपयोग : पुलिया की सफाई की निगरानी करने तथा मानसून कार्यों के प्रभावी निष्पादन को सुनिश्चित करने के लिए फ्लोटर कैमरे तथा ड्रोन का उपयोग किया जा रहा है। चिन्हित स्थानों पर पुलिया की गहन सफाई सुनिश्चित करने के लिए विशेष सक्शन तथा डी-स्लजिंग मशीन का उपयोग किया जा रहा है।

कार्यबल और रिजर्व की तैयारी : मानसून गश्त प्रशिक्षित गश्ती दल और पुल रक्षकों द्वारा की जाएगी। विरार में बोल्डर और खदान की धूल सहित मानसून रिजर्व का पर्याप्त भंडार रखा गया है। पश्चिम रेलवे ने पिछले वर्षों में समस्याग्रस्त स्थानों की पहचान की है और उन क्षेत्रों में जोखिम कम करने के लिए लक्षित कार्रवाई की है। पिछले 5 वर्षों में, 15 स्थानों पर माइक्रो-टनलिंग का काम किया गया है। अपडेटेड पेट्रोलिंग चार्ट जारी करना, मानसून कर्मचारियों की काउंसलिंग और आधुनिक तकनीकी हस्तक्षेप की तैनाती बारिश के दौरान निर्बाध ट्रेन सेवाओं को बनाए रखने के लिए पश्चिम रेलवे की प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है। ये सक्रिय कदम चुनौतीपूर्ण मानसून महीनों के दौरान यात्री सुरक्षा, परिचालन विश्वसनीयता और कुशल सेवा के लिए पश्चिम रेलवे की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।


**पश्चिम रेलवे**

**बायो-डाइजेस्टर टैंक्स की ओवरहॉलिंग**

मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, कैरिएज मरम्मत वर्कशॉप, पश्चिम रेलवे, एन. एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई – 13 द्वारा **निविदा सूचना क्र. : डब्ल्यूआर-पीएल-एमई-ईएसटी-594566, दिनांक : 31.05.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य का नाम** : कार्य के विस्तार के अनुसार लोअर परेल वर्कशॉप में पीओएच के दौरान बायो-डाइजेस्टर टैंक्स की ओवरहॉलिंग. **अनुमानित लागत** : रु. 6,01,72,561.80. **ईएमडी** : रु. 4,50,900/-. **ई-बोलियां ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय** : 25.06.2025, 13.00 बजे तक तथा **ई-निविदाएं खुलने की तिथि एवं समय** : 25.06.2025 को 13.00 बजे. बोली प्रपत्र तथा अन्य विवरण जैसे कि शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं. 0220

Like us on : facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

नागपुर मंडल

**ई-टेंडर नोटिस**

**ई-खुली निविदा संख्या : मरेप्र कार्य नागपुर-44-2025-01 दिनांक 31/05/2025**

**कार्य का नाम** : नागपुर डिवीजन में सीनियर डीईएन (सेंट्रल) नागपुर के अधिकार क्षेत्र में एडीईएन काटोल उप-विभाग के तहत एलएचएस से वर्षा जल को बाहर निकालने के लिए पंपों को किराए पर लेना।, **अनुमानित लागत** : रु. 1808302.67/-, **बयाना राशि** : रु. 36200.00/- निविदा बंद होने कि तिथि एवं समय 23/06/2025 को 15:00 बजे। विस्तृत जानकारी www.ireps.gov.in पर देखे।

SUN 70 कृते मंडल रेल प्रबंधक (कार्य)

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे

**पश्चिम रेलवे**

**आपूर्ति, अधिष्ठापन, क्रियान्वयन, परीक्षण और सुधार कार्य**

उप मुख्य विद्युत अभियंता (डब्ल्यू), पश्चिम रेलवे कैरिएज मरम्मत वर्कशॉप, एन. एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई – 400 013 द्वारा **ई-निविदा सूचना क्र. : ईएल/डब्ल्यूए/पीएल/2024-25/67, दिनांक : 29.05.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य का नाम** : लोअर परेल वर्कशॉप, मुंबई - 13 में दर की अनुसूची तथा कार्य के विस्तार के अनुसार वर्ष 2011-2012 के दौरान आरसीएफ में निर्मित एलएचबी नॉन-एसी कोचेस में आपूर्ति, अधिष्ठापन, क्रियान्वयन, परीक्षण और सुधार कार्य. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 1,64,44,693.20/-. **ईएमडी** : रु. 2,32,200/-. **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय** : 20.06.2025 को 12.00 बजे तक. **निविदा खुलने की तिथि एवं समय** : 20.06.2025 को 12.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0219

Like us on : facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**आपूर्ति, अधिष्ठापन, क्रियान्वयन, परीक्षण और सुधार कार्य**

उप मुख्य विद्युत अभियंता (डब्ल्यू), पश्चिम रेलवे कैरिएज मरम्मत वर्कशॉप, एन. एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई – 400 013 द्वारा **ई-निविदा सूचना क्र. : ईएल/डब्ल्यूए/पीएल/2024-25/50, दिनांक : 29.05.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य का नाम** : लोअर परेल वर्कशॉप में पॉवर कार से पॉवर पैनल तक रिजनरेटिव पॉवर यूटिलाइजेशन सिस्टम के उपयोग के जरिए ऑन-ग्रिड लोड परीक्षण सुविधा की आपूर्ति, अधिष्ठापन, परीक्षण और क्रियान्वयन. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 52,98,487.18/-. **ईएमडी** : रु. 1,06,000/-. **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय** : 20.06.2025 को 12.00 बजे तक. **निविदा खुलने की तिथि एवं समय** : 20.06.2025 को 12.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0218

Like us on : facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

मुंबई मंडल

**विभिन्न विद्युत कार्य**

**निविदा सूचना क्र. आरआर/पीआर/एसएनपीडी/309/25-26/10**

**कार्य का विवरण:** कार्य क्षेत्र के अनुसार, ईएमयू पीओएच सानपाड़ा, नवी मुंबई में लिफ्टिंग शॉप से बोगी शॉप तक 15/5 टन ईओटी क्रेन और 60 मीटर लंबी डीएसएल की 01 संख्या को डिस्मेंटलिंग, स्थानांतरण, इंस्टॉलेशन और कमीशनिंग के साथ-साथ प्रूव-आउट सहित तथा अतिरिक्त 30 मीटर डीएसएल की आपूर्ति एवं फैब्रिकेशन सहित स्थापित करना। **अनुमानित लागत:** Rs. 343700/-, **ई एम डी:** Rs. 6900/-, **निविदा प्रपत्रका शुल्क:** NIL, **समापन अवधी:** 45 दिन, **निविदा जगा करनेकी तिथि एवं अवधी:** 20/06/2025, 14:30 बजे तक, **बोली शुरू करने की तारीख:** 06/06/2025, टेंडर फेवल ई टेंडरिंग में वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। टेंडर पंजिका वेबसाइट में उपलब्ध है।

सहायक मंडल विद्युत अभियंता
ई.एम.यु.पी.ओ.एच. सानपाडा

SUN 143

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**सहाय्यक आयुक्त – टी वार्ड**

**ईओआई सूचना**

बृहन्मुंबई महानगरपालिका आयुक्त द्वारा निम्नलिखित ईओआई आमंत्रित की जाती है :

| कार्य का नाम | बयाना रकम जमा | ईओआई जांच शुल्क | ईओआई बिक्री प्रारंभ तिथि एवं समय | ईओआई बिक्री समाप्ति तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 23 दिनों की अवधि हेतु टी वार्ड में सड़कों की 2री सफाई हेतु संस्था की नियुक्ति | रु. 14,000/- | रु. 3,630/- + 18% जीएसटी | 04.06.2025, 11:00 बजे से | 06.06.2025, 11:00 बजे तक |

मोम से मुहरबंद ईओआई, सहायक अभियंता (एसडब्ल्यूएम) टी वार्ड के कार्यालय में निर्धारित तिथि अर्थात 06.06.2025 को दोप. 01.00 बजे अथवा उससे पूर्व जमा करनी होगी. ईओआई दस्तावेज डाक से भेजे नहीं जाएंगी.

हस्ता./-
(श्रीमती योगिता कोल्हे)
सहायक आयुक्त
टी वार्ड

पीआरओ/576/विज्ञा./2025-26

अगर आये हलका सा भी बुखार, तत्काल जाकर डॉक्टर से करें मुलाकात.

# नेरुल विभाग में ग्रीन मैराथन ने फैलाया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



नवी मुंबई , विश्व पर्यावरण दिवस के निमित्त पर नवी मुंबई महानगरपालिका ने डी.वाई.पाटिल क्लाइमेट एक्शन लैब द्वारा आयोजित ग्रीन मैराथनः रन फॉर द प्लेनेट पर्यावरण अनुकूल पहल का आयोजन किया और इस पहल को सफल बनाया। मनपा की ओर से आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे के मार्गदर्शन में इस वर्ष के विश्व पर्यावरण दिवस की थीम वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक कचरे को खत्म करें के अनुरूप पर्यावरण सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं और जनभागीदारी पर जोर दिया जा रहा है। इसी तरह मनपा भी विभिन्न संगठनों द्वारा आयोजित पर्यावरण अनुकूल पहलों में भाग ले रही है। आज डॉ. डी.वाई.पाटिल समूह के अध्यक्ष श्री. विजय पाटिल के मार्गदर्शन में 5 किमी. की दौड़ में बड़ी संख्या में युवक-युवतियों ने भाग लिया। डी. वाई. पाटिल क्लाइमेट एक्शन लैब के मार्गदर्शन में डॉ. डी. वाई. पाटिल स्टेडियम से शुरू होकर नेरुल पूर्व क्षेत्र में एक निश्चित मार्ग पर स्टेडियम के पास समाप्त हुई। मनपा की ओर से उद्यान विभाग के उपायुक्त किसनराव पलांडे, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के उपायुक्त डॉ. अजय गाडे, खेल और सांस्कृतिक मामलों के विभाग की उपायुक्त अभिलाषा म्हात्रे, विजय पाटिल स्कूल ऑफ मैनेजमेंट की कॉर्पोरेट संबंध प्रबंधक डॉ. विद्या श्रीनिवास ने झंडा दिखाकर ग्रीन मैराथन का उद्घाटन किया। नेरुल विभाग के सहायक आयुक्त जयंत जावड़ेकर ने ग्रीन मैराथन में भाग लिया। इसके माध्यम से सतत पर्यावरणीय विकास के लिए एक सफल प्रयास किया गया।

# माजीवाडा से गायमुख मुख्य सड़क के दोनों ओर एवं सर्विस रोड की सफाई

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की संकल्पना के अनुसार ठाणे मनपा द्वारा 03 और 04 जून को संपूर्ण घोड़बंदर रोड पर व्यापक सफाई अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान मुख्य सड़क, सर्विस रोड, डिवाइडर, चौक आदि सभी स्थानों पर चलाया जा रहा है। यह अभियान मंगलवार सुबह से शुरू हुआ और यह अभियान बुधवार सुबह भी जारी रहेगा। मनपा आयुक्त सौरभ राव के निदेशार्नुसार माजीवाड़ा-मानपाड़ा प्रभाग समिति के अंतर्गत घोड़बंदर रोड पर गहन सफाई अभियान की योजना बनाई गई। इस सड़क को चार खंडों में विभाजित किया गया है, जिसमें कपूरबावड़ी से पातलीपाड़ा, पतलीपाड़ा से हाइपर सिटी, हाइपर सिटी से नगला बंदर, नगला बंदर से गायमुख शामिल हैं। प्रत्येक खंड के लिए एक समन्वय अधिकारी नियुक्त किया गया है। समन्वय अधिकारी के साथ-साथ प्रत्येक खंड के लिए एक सहायक आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी, कार्यकारी अभियंता, उप अभियंता, उप मुख्य स्वच्छता निरीक्षक, स्वच्छता निरीक्षक, कनिष्ठ अभियंता और सफाई कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है। पूरे घोड़बंदर रोड की सफाई पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इस अभियान में कचरा हटाना, मलबा हटाना, डिवाइडर की सफाई, नालियों और सीवरों से गाद निकालना, सड़क के किनारों की सफाई और मुख्य सड़क, सर्विस रोड और डिवाइडर पर पेड़ों की कटी हुई टहनियों को हटाने का काम किया जा रहा है। अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे ने बताया कि इसमें बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारियों ने भाग लिया है इस अभियान में मनपा के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के साथ-साथ उद्यान विभाग, लोक निर्माण विभाग, प्रभाग समिति, एमएमआरडीए, एमएसआरडीसी और मेट्रो ने भी भाग लिया है। यह अभियान करीब 500 सफाई कर्मचारियों, 15 डंपरों और दोनों यांत्रिक सफाई मशीनों की मदद से चलाया गया है। समन्वय के लिए उपायुक्त मनीष जोशी और दिनेश तायडे, उपनगरीय इंजीनियर विकास ढोले और सुधीर गायकवाड़ जिम्मेदार हैं, और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रानी शिंदे, माजीवाड़ा-मानपाड़ा प्रभाग समिति सहायक आयुक्त सोनल काले ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ उन्हें सौंपे गए विभाग में व्यापक सफाई अभियान में भाग लिया।

फास्ट ट्रैक

# भांजी के तिलक में जा रहे मामा की मौत

## शाहजहांपुर में कार ने बाइक को मारी टक्कर, दो लोग घायल

शाहजहांपुर, एक दुर्घटना में कार ने रोड किनारे खड़ी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में हरदोई निवासी प्यारेलाल ( 58 ) की मौके पर मौत हो गई। उनके दामाद सोनू वर्मा और एक अन्य व्यक्ति दीवारी घायल हो गए। प्यारेलाल थाना शाहबाद क्षेत्र के रहने वाले थे। वे अपने दामाद और उनके पड़ोसी के साथ तिलहर थाना क्षेत्र के गुलाम खेड़ा में अपनी भांजी के तिलक समारोह में जा रहे थे। भांजी की शादी कांट के चकममरेज गांव में तय हुई थी। रास्ते में प्यारेलाल ने रोड किनारे बाइक रोकी। इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार ने बाइक और वहां खड़े तीनों लोगों को टक्कर मार दी। घायलों को तुरंत सीएचसी ले जाया गया। डॉक्टरों ने प्यारेलाल को मृत घोषित कर दिया। दामाद सोनू और दीवारी का इलाज जारी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार, प्यारेलाल खेती-बाड़ी का काम करते थे। उनकी अचानक मौत से परिवार में शोक की लहर है।



# युवक की लाठी-डंडे से पीट-पीटकर हत्या

## दबंगों ने बीच रास्ते रोककर हमला, अधमरी हालत में नाले में फेंका, इलाज के दौरान मौत

शाहजहांपुर, एक व्यक्ति की मारपीट के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना जलालाबाद क्षेत्र के सिकंदरपुर अफगानान निवासी 45 वर्षीय शिवकुमार के रूप में हुई है। घटना एक जून की है। शिवकुमार जब जलालाबाद की तरफ जा रहे थे, तब गांव के कुछ लोगों ने उन्हें घेर लिया। आरोपियों ने लाठी-डंडों से उनकी पिटाई की। इसके बाद उन्हें अधमरा हालत में पानी से भरे नाले में फेंक दिया। शिवकुमार पूरी रात नाले में पड़े रहे। परिवार वालों ने रात भर उनकी तलाश की। परिजनों को शिवकुमार नाले में घायल अवस्था में मिले। उन्हें पहले सीएचसी ले जाया गया। वहां से राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। देर शाम इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि आरोपी पहले से ही शिवकुमार को प्रताड़ित कर रहे थे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। एसपी राजेश द्विवेदी ने मामले की पुष्टि की है।



# पूर्व भाजपा नेता गोपीनाथ मुंडे की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई

## महाराष्ट्र की राजनीति में गोपीनाथ मुंडे के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता- महेश सुखरमानी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क





उल्हासनगर. पूर्व केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री और महाराष्ट्र भाजपा के महत्वपूर्ण स्तंभ रहे जननेता गोपीनाथ मुंडे की पुण्यतिथि 03 जून के अवसर पर उल्हासनगर स्थित मोटा देवी मंदिर परिसर के गोपीनाथ मुंडे सभागृह में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस श्रद्धांजलि सभा में गोपीनाथ मुंडे को याद करते हुए महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी के कार्याध्यक्ष व भाजपा नेता महेश सुखरमानी ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। महेश सुखरमानी ने गोपीनाथ मुंडे को याद करते हुए नम आंखों से कहा कि वे न केवल एक राजनेता थे, बल्कि महाराष्ट्र की जनभावनाओं के प्रखर स्वर थे, विकास के पथप्रदर्शक थे। महाराष्ट्र की राजनीति में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। वे सदैव हमारे विचारों, कार्यों और आदर्शों में जीवंत रहेंगे। भाजपा की विचारधारा और विकास यात्रा में उनका योगदान अमिट और अनुकरणीय रहेगा। इस अवसर उल्हासनगर के आमदार कुमार आयलानी, भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राजेश वधारिया, वरिष्ठ नेता राजू जग्यासी, जगदंबा चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रमुख बोडके सर, दिलीप फुन्दे, आदिनाथ पालवे एवं ट्रस्ट के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्यों ने गोपीनाथ मुंडे को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# उल्हासनगर की लता भगतानी विष्णानी वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस आईकन 2025 पुरस्कार से सम्मानित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

उल्हासनगर.उल्हासनगर निवासी प्रसिद्ध प्रोफेशनल सिंधी गायिका लता भगतानी विष्णानी को वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस आईकन 2025 पुरस्कार से सम्मानित किया गया गया है। वे देशभर में सिंधी गायकी के क्षेत्र में अपना विशिष्ट स्थान रखती हैं। वे विगत 35 वर्षों से इस क्षेत्र में कार्य कर रही है, उन्होंने कई प्रमुख सिंधी गायकों के साथ काम किया है। उन्होंने गायकी का कार्य 8 वर्ष की उम्र में ही प्रारंभ कर दिया था। लता भगतानी सिंधी लोक गीत, कलम, शास्त्रीय गीतों में माहिर हैं। उनका विवाह उल्हासनगर के प्रसिद्ध समाजसेवी सोनू विश्नानी से हुआ और आगे चलकर दोनों ने लता म्यूजिकल ग्रुप के नाम एक अलग ग्रुप की स्थापना की। माना जाता है कि लता भगतानी की आवाज स्वर्गीय कुमारी भगवंती नवानी से काफी मिलती जुलती है और वह भगवंती नवानी के शास्त्रीय पुराने गीतों का जादू फिर से कायम करने में पूर्ण सफल सिद्ध हुई हैं। वह अपने सुखमनी गीत संग्रह के लिए देशभर में प्रसिद्ध हैं। लता भगतानी विष्णानी को वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस आईकन 2025 पुरस्कार मिलना सिंधी समाज संस्कृति और सिंधी संगीत विधा के विशेष गौरव की बात है। सिंधियत और उल्हासनगर के सिंधी समाज के लिए यह एक गौरवपूर्ण क्षण है।



# मान्धाता श्री हनुमान मंदिर भंडारा कार्यक्रम में हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रतापगढ़ , मान्धाता के श्री हनुमान मंदिर में जेष्ठ मास के चतुर्थ मंगलवार को आयोजित भंडारे में एक अनूठी मिसाल देखी गयी। भंडारा कार्यक्रम शुरू होने से पूर्व कोतवाली मान्धाता थानाध्यक्ष सुभाष कुमार यादव कोतवाली परिसर स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में भोग लगाया और पूजा पाठ किया। श्री हनुमान मंदिर में वरिष्ठ समाजसेवी राम अभिलाष शर्मा, पत्रकार अंजनी तिवारी और ठेकेदार प्रभात पांडेय द्वारा भोग लगाकर पूजा पाठ कर महाप्रसाद वितरण प्रारम्भ किया गया। प्रसाद वितरण काउंटर पर थानाध्यक्ष सुभाष कुमार यादव और ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद और प्रतापगढ़ प्रेस क्लब अध्यक्ष पवन सिंह ने प्रसाद वितरण का शुभारंभ किया। थानाध्यक्ष सुभाष कुमार यादव, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद ने भंडारा कार्यक्रम के लिए तैयारी करने वाले सभी लोगों की सराहना करते हुए शानदार धार्मिक आयोजन पर बधाई दी। सुबह दस बजे से शुरू यह भंडारा कार्यक्रम दोपहर तीन बजे तक अनवरत चलता रहा जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में भाजपा नेता नवीन सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय मौर्य, भाजपा नेता डाक्टर राजकुमार मौर्य, प्रतापगढ़ प्रेस क्लब विक्रम सिंह ( आशू ), वरिष्ठ समाजसेवी रज्जू सिंह, वरिष्ठ पत्रकार अवनीश मिश्रा, मतेन्द्र कीर्ति, पत्रकार अंजनी तिवारी, अंबुज शर्मा, अतुल राज यादव, प्रभाकर राय, बालेन्द्र प्रताप सिंह, अभय प्रताप सिंह, सूरज सोनी , प्रशांत दूबे, धर्मेंद्र दूबे, रमेश श्रीवास्तव, अनुज राव, निखिल शुक्ला, ठेकेदार मिंटू सिंह, प्रभात पांडेय, निर्भय सिंह, राम बरन, सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे। इस भंडारा कार्यक्रम में सराहनीय मार्गदर्शन वरिष्ठ पत्रकार अवनीश मिश्रा का रहा, विपिन श्रीवास्तव ( वाईट हाउस ) और रिंकू गुप्ता की मेहनत सराहनीय रही जिन्होंने महाप्रसाद बनाने में अपनी टीम के साथ अहम भूमिका निभाई।

# आतंकवाद की कोई सीमा नहीं, इसके खिलाफ सभी देशों को एकजुट होकर लड़ने की जरूरत- डॉ.श्रीकांत शिंदे

- डॉ.श्रीकांत शिंदे का लाइबेरिया गणराज्य की सीनेट में प्रभावशाली भाषण।
- सांसद डॉ.श्रीकांत शिंदे ने पाकिस्तान को एफ.ए.टी.एफ.(फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स) की ग्रे लिस्ट में डालने की मांग की।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क





अंबरनाथ. भारतीय प्रतिनिधि मंडल के नेतृत्वकर्ता सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने लाइबेरिया गणराज्य की संसद को संबोधित करते हुए कड़े शब्दों में कहा कि आतंकवाद अब अपनी सभी सीमाओं का उल्लंघन करते हुए विश्व में अपने पैर पसार चुका है। आतंकवाद के खिलाफ भारत द्वारा प्रारंभ की गई मुहिम में अब विश्व भर के देशों को आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर एक मंच पर खड़े होने का वक्त आ गया है। ज्ञात रहे कि पश्चिमी अफ्रीकी देशों सिएरा लिओन और लाइबेरिया गणराज्य के संसद को संबोधित करने का सौभाग्य पाने वाले डॉ.श्रीकांत शिंदे एकमात्र भारतीय सांसद हैं। सांसद डॉ.शिंदे ने कहा कि भारत पिछले कई वर्षों से आतंकवादी हमलों और सीमा पार से होने वाले आतंकवाद से पीड़ित है। आतंकवाद की सच्चाई बयान करने के लिए हम सर्वदलीय सांसद यहां आये हैं। सभी देशों को आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में भारत के साथ खड़े होने का विनम्र निवेदन करते हैं। वैश्विक स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस (शून्य सहनशीलता) की नीति अख्तियार करने के लिए सभी देशों को एकजुट होने का वक्त आ गया है। सिनेट के अध्यक्ष न्यूब्ली कारंगा लॉरेन्स के साथ हुई मीटिंग में डॉ.शिंदे ने कहा कि पाकिस्तान को कई वर्षों से अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से वित्तीय सहायता मिल रही है। पाकिस्तान को एफ.ए.टी.एफ.( फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स) की ग्रे लिस्ट में भी डाला गया था। आतंकवादी संगठन पाकिस्तान में ही फलते फूलते हैं इसलिए इस बार भारत ने पाकिस्तान को एफ.ए.टी.एफ. के ग्रे लिस्ट शामिल करने की मांग की। उन्होंने आगे कहा कि लाइबेरिया के मुश्किल समय में भारत ने हमेशा साथ दिया है। दोनों देशों के बीच विशेष प्रकार का संबंध है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य बनने वाले लाइबेरिया की ओर से आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठाई जायेगी, इस प्रकार का विश्वास सांसद डॉ.शिंदे ने व्यक्त किया है। सांसद डॉ.शिंदे और प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को लाइबेरिया गणराज्य के अध्यक्ष जोसेफ न्युमा बोकाई इसके साथ ही विदेश मंत्री साराह बेस्लो न्यान्ती के साथ भी चर्चा की। भारत के आतंकवाद विरोधी मुहिम को लाइबेरिया गणराज्य ने मजबूत समर्थन दिया है, इस प्रकार की जानकारी सांसद डॉ.श्रीकांत शिंदे ने दी है। इस दौरान लाइबेरिया संसद में पहलगाम हमले में मारे गये भारतीय लोगों के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### लाइबेरिया में भारतीय प्रतिनिधि मंडल का शानदार स्वागत

अफ्रीकी देशों के दौरे के अंतिम चरण में भारतीय प्रतिनिधि मंडल लाइबेरिया गणराज्य की राजधानी मोन्रोविया रविवार को पहुंचा। इस दौरान लाइबेरिया सरकार की ओर से भारतीय प्रतिनिधि मंडल का शानदार स्वागत किया गया। सांसद डॉ.श्रीकांत शिंदे और प्रतिनिधि मंडल ने मोन्रोविया के गुरुद्वारा भी गये। इसके साथ ही लाइबेरिया में बसे भारतीय समुदाय को भी डॉ.श्रीकांत शिंदे ने संबोधित किया। भारत के सर्वदलीय सांसदों के प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व करने का अवसर प्रदान करने के लिए डॉ.श्रीकांत शिंदे ने इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया।

# एंबुलेंस ने बाइक चालक को मारी टक्कर

## घायल मजदूर की बरेली में इलाज के दौरान मौत, चालक फरार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, थाना सिंधौली क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान मुड़िया मिस्त्र गांव निवासी 50 वर्षीय विजय वर्मा के रूप में हुई है। 22 मई को विजय वर्मा बाजार से खरीदारी कर घर लौट रहे थे। मुड़िया मोड़ के पास एक प्राइवेट एंबुलेंस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में विजय गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायल को पहले सिंधौली सीएचसी भेजा। वहां से उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। हालत में सुधार न होने पर उन्हें बरेली रेफर कर दिया गया। बरेली में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वाहन छोड़कर भागा चालक विजय अपनी पत्नी और चार बच्चों का पालन-पोषण मेहनत-मजदूरी करके करते थे। हादसे के बाद एंबुलेंस चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने एंबुलेंस को अपने कब्जे में ले लिया है और फरार चालक की तलाश कर रही है। मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



# बिजली का खंभा लगाने पर महिलाओं से मारपीट

## तीन महिलाएं घायल, आरोपी धमकी देकर फरार; वीडियो वायरल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, थाना कांट क्षेत्र में बिजली का खंभा लगाने को लेकर दबंगों ने महिलाओं पर हमला कर दिया। घटना भित्तिया पौंकी गांव की है। विनिता नाम की महिला अपने मकान का निर्माण करा रही थी। दबंग लोग उनके मकान की दीवार से सटाकर बिजली का खंभा लगाने की कोशिश कर रहे थे। सोमवार दोपहर जब विनिता ने इसका विरोध किया, तो दबंगों ने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। बचाव में आई उनकी भतीजी सुहानी को भी गंभीर चोटें आईं। घटना के समय पीड़िता के घर में कोई पुरुष सदस्य मौजूद नहीं था। हमले में कुल तीन महिलाएं घायल हुईं। सभी घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। किसी ने मारपीट का वीडियो बना लिया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। कांट थाना प्रभारी ने कहा कि तहरीर मिलते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# गौ तस्करों से पुलिस की मुठभेड़



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, पुलिस और गौ तस्करों के बीच मुठभेड़ में दो तस्कर घायल हो गए। पीलीभीत निवासी अनीस और बरेली निवासी मोहम्मद शानू के पैर में गोली लगी। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। निगोही थाना क्षेत्र के चक्रमाली गांव में 31 मई की रात एक बंद मकान में प्रतिबंधित पशुओं को काटने के लिए लाया गया था। पुलिस की दबिश पर आरोपी वाहन छोड़कर फरार हो गए थे। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर तलाश शुरू की। बीती रात इनायतपुर वाली रोड पर पुलिस ने घेराबंदी की। आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दो आरोपी घायल हुए। पुलिस ने मौके से पशुओं को काटने के औजार, तमंचे और कारतूस बरामद किए। अलग-अलग राज्यों में बेचते थे पूछताछ में आरोपियों ने बरेली के शाकिर और धर्मवीर का नाम बताया। आरोपियों ने खुलासा किया कि वे प्रतिबंधित पशुओं को पकड़कर अलग-अलग राज्यों में ऊंचे दाम पर बेचते थे। मौका मिलने पर मांस की बिक्री भी करते थे। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।


भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,

2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ

3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त )

4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी

5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा

6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# पाकिस्तानी टिकटॉक स्टार की हत्या

## घर में घुसकर गोली मारी; हमलावर 10वीं पास बेरोजगार, 17 साल की सना ने उसका लव प्रपोजल ठुकराया था

एजेंसी

इस्लामाबाद, पाकिस्तान में 17 साल की सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सना यूसुफ की सोमवार को उनके ही घर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना इस्लामाबाद के जी-13 इलाके में हुई। इस्लामाबाद पुलिस के आईजी सैयद अली नासिर रिजवी ने कहा कि सना के हत्यारे का पता चल गया है। अपराधी 22 साल का लड़का है, जिसे फैसलाबाद से गिरफ्तार किया गया। वह रिश्तेदार बनकर सना के घर में घुसा था। पुलिस का कहना है कि हमलावर ने सना को कई बार प्रपोज किया था। हर बार उसने मना कर दिया। हमलावर मैट्रिक पास और बेरोजगार है और बेहद गरीब परिवार से आता है। आरोपी ने हत्या की बात कबूल कर ली है। रिजवी ने बताया कि सना ने 29 मई को अपना बर्थडे मनाया था। इस दिन संदिग्ध ने सना से मिलने की खूब कोशिश की थी। वह उसके घर भी पहुंचा था और सात से आठ घंटे तक मिलने की कोशिश करता रहा, लेकिन सना से उसकी मुलाकात नहीं हो पाई थी। उन्होंने कहा कि संदिग्ध ने सबूत मिटाने के लिए सना का मोबाइल फोन ले लिया था। पुलिस को हत्या में इस्तेमाल हथियार भी मिला है। पुलिस का कहना है कि आरोपी ने पहले सना से घर के बाहर कुछ देर बात की और फिर घर के अंदर आकर गोलियां चलाईं। सना को बहुत नजदीक से दो गोलियां लगीं, जिसके बाद उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। अधिकारियों ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी की गिरफ्तारी संभव हो पाई है। पुलिस ने आरोपी के पास से हत्या में इस्तेमाल पिस्तौल और सना का मोबाइल फोन बरामद कर लिया है।



हादसे के बाद सना को तुरंत पीआईएमएस अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पोस्टमॉर्टम के बाद सना का अंतिम संस्कार इस्लामाबाद के एच-8 कब्रिस्तान में किया गया। सना की मां फरजाना यूसुफ ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कराई थी। उन्होंने पुलिस को बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति उनके घर में घुस आया था। उसने उनकी बेटी पर दो गोलियां चलाईं। उन्होंने कहा कि अगर हत्यारा उनके सामने आता है तो वह उसे पहचान सकती हैं। 17 साल की सना यूसुफ मूल रूप से चित्राल की रहने वाली थीं। वह सोशल मीडिया पर काफी लोकप्रिय थीं। सना कॉमेडी, लाइफस्टाइल, कल्चरल अवेयरनेस और एजुकेशनल मैसेज से जुड़े पोस्ट करती थीं। टिकटॉक पर सना के 7.25 लाख और इंस्टाग्राम पर करीब 5 लाख फॉलोअर्स हैं। उनके लुक की वजह से लोग उनकी तुलना मशहूर अभिनेत्री हानिया आमिर से भी करते थे। सना मेडिकल की तैयारी कर रही थीं। हत्या के पीछे की असल वजह अभी तक साफ नहीं हो सकी है। पुलिस ने संदिग्ध की पहचान और गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीमें बनाई हैं। पुलिस ने कहा कि वे सभी संभावित कारणों को ध्यान में रख रहे हैं, जिसमें ऑनर किलिंग की आशंका भी शामिल है। पुलिस इस मामले की हर दिशा से जांच कर रही है, जिसमें आपसी रंजिश, निजी विवाद या कोई और वजह भी हो सकती है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल है, जिसमें सना के शव को परिजन ले जा रहे हैं। सना की हत्या की खबर जैसे ही फैली, पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। पाकिस्तान में सोशल मीडिया पर कई सोशल मीडिया यूजर्स ने न सिर्फ दुख जताया है,

# पहलगाम हमले के आतंकी के बचाव में पाकिस्तानी नेता

## पंजाब असेंबली का स्पीकर बोला- भारत ने बिना जांच के सैफुल्लाह को जिम्मेदार ठहराया

एजेंसी

इस्लामाबाद, पाकिस्तान की पंजाब असेंबली के स्पीकर मलिक अहमद खान ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के आरोपी और लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर सैफुल्लाह खालिद का बचाव किया है। इसके अलावा मलिक ने भारत सरकार और और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारत में होने वाले आतंकी हमलों के लिए जिम्मेदार होने का आरोप लगाया। पाकिस्तान के पंजाब में 28 मई को एक कार्यक्रम के दौरान लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों और कई नेताओं को एक ही मंच पर देखा गया। इस कार्यक्रम में पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड सैफुल्लाह कसूरी, लश्कर का को-फाउंडर आमिर हमजा और हाफिज सईद का बेटा तल्हा सईद भी मौजूद था। इन आतंकियों के साथ मंच साझा करने वालों में पाकिस्तान के फूड मिनिस्टर मलिक राशिद अहमद खान और पंजाब विधानसभा के स्पीकर मलिक मुहम्मद अहमद खान शामिल थे। ये सभी 28 मई को न्यूक्लियर टेस्ट की 27वीं सालगिरह पर पंजाब में आयोजित कार्यक्रम में थे। इस दौरान इन नेताओं और आतंकियों ने भारत के खिलाफ भड़काऊ भाषण दिए और खालिस्तान के समर्थन में नारे लगाए। आतंकी सैफुल्लाह ने कार्यक्रम में भारत के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मारे गए आतंकवादियों को शहीद भी कहा था। उसने दावा किया कि इस हमले के बाद उसे पूरी दुनिया जानने लगी है। उसने कहा, 'मुझे पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड बताया गया। उन्होंने हमारा नाम इतनी बार ले लिया है कि अब मेरा नाम पूरी दुनिया में मशहूर हो गया है।' पाकिस्तानी पत्रकार ताहा सिद्दीकी ने एक्स पर हमजा का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह यह कहते हुए सुनाई दे रहा है, 'कश्मीर पाकिस्तान बनेगा. जम्मू पाकिस्तान बनेगा, भारतीय पंजाब खालिस्तान बनेगा। सैफुल्लाह पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के रावलकोट का रहने वाला है। वहीं से जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों को ऑपरेट कर रहा था। उसने मार्च में एक भाषण दिया था, जिसका वीडियो भी सामने आया था। इसमें वह सख्त लहजे में पाकिस्तान सरकार से कश्मीर मुद्दा शांत न पड़ने देने की बात कह रहा है। सैफुल्लाह का ये भाषण मार्च 2025 का बताया जा रहा है। हालांकि, इसकी तारीख और लोकेशन का पता नहीं है।



# पाकिस्तान में कराची की जेल से 216 कैदी भागे

## भूकंप के बाद अफरातफरी में मेन गेट से फरार; 80 से ज्यादा दोबारा पकड़े गए

एजेंसी

इस्लामाबाद, पाकिस्तान के कराची की मलिर जेल से सोमवार रात 216 कैदी फरार हो गए। जेल प्रशासन के मुताबिक कराची में आए भूकंप के झटकों के बाद ऐहतियातन कैदियों को बैरकों से बाहर निकाला गया था। जियो न्यूज के मुताबिक इसी दौरान मौके का फायदा उठाकर कैदी मेन गेट से फरार हो गए। इनमें से करीब 80 कैदियों को दोबारा पकड़ लिया गया है, जबकि 135 कैदी अभी भी फरार हैं। जेल सुपरिंटेंडेंट अरशद शाह ने मंगलवार तड़के इसकी पुष्टि की। इससे पहले कई मीडिया रिपोर्ट्स में कैदियों के दीवार तोड़कर भागने की बात कही जा रही थी। प्रशासन ने साफ किया है कि कोई दीवार नहीं तोड़ी गई, सभी कैदी मेन गेट से ही भगदड़ के बीच भाग निकले। गृह मंत्री लांजार ने बताया कि भूकंप के बाद 700 से 1000 कैदियों को बैरकों से बाहर लाया गया था। इसी अफरा-तफरी में 100 से ज्यादा कैदियों ने मेन गेट की तरफ धक्का-मुक्की शुरू की और भाग निकले। जेल प्रशासन के मुताबिक तलाशी अभियान अब भी जारी है। इस अभियान में स्पेशल सिक्योरिटी यूनिट (एसएसयू), रैपिड रिस्पॉन्स फोर्स (आरआरएफ), रेंजर्स और फ्रंटियर कोर (एफसी) की टीमें मिलकर काम कर रही हैं। घटना के तुरंत बाद जेल का नियंत्रण रेंजर्स और एफसी ने संभाल लिया। आईजी जेल, डीआईजी जेल और जेल मंत्री ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया। घटना में एक कैदी की मौत की खबर है। वहीं, 4 सुरक्षाकर्मी घायल हुए हैं।



गृह मंत्री ने माना कि प्रशासनिक लापरवाही भी इस घटना का कारण हो सकती है। मुख्यमंत्री मुराद अली शाह को पूरी जानकारी दे दी गई है। उन्होंने गृह मंत्री को जेल जाकर हालात की निगरानी करने के निर्देश दिए। सिंध के राज्यपाल कामरान टेसोरी ने भी घटना का संज्ञान लेते हुए गृह मंत्री और आईजी सिंध पुलिस से सभी कैदियों को जल्द गिरफ्तार करने को कहा। गृह मंत्री लांजार ने बताया कि हर फरार कैदी की पहचान और रिकॉर्ड उपलब्ध है।

उनके घरों और आसपास के इलाकों में छापेमारी जारी है। जेल मंत्री ने कहा कि लापरवाह अफसरों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा के लिहाज से चैक पोस्ट्स और निगरानी सख्ती बरती जा रही है। पिछले साल जुलाई में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की रावलकोट जेल से 19 कैदी फरार हो गए थे। इनमें से 6 को मौत की सजा सुनाई गई थी। घटना पुंछ के रावलकोट जेल की है, जो मुजफ्फराबाद से करीब 110 किमी दूर है। रविवार दोपहर करीब 2:30 बजे एक कैदी ने पहरेदार से उसकी लस्सी बैरक तक लाने के लिए कहा था।

जब पहरेदार लस्सी देने पहुंचा, तब कैदी ने बंदूक तानकर उसे दबोच लिया और उसकी चाबियां छीन लीं। इसके बाद कैदी ने बाकी बैरक का ताला भी खोल दिया था।

फिर सभी कैदी मेन गेट की तरफ भागे। इस दौरान पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक कैदी की मौत हो गई थी। पाकिस्तान में इससे पहले भी कई बार आतंकियों के जेल तोड़कर भागने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। 2012 में पाकिस्तान के बन्नू शहर में 400 कैदी जेल से फरार हो गए थे।

# साउथ कोरिया में वामपंथी पार्टी का जीतना लगभग तय

## सर्वे में 51.7% वोट मिले; 30 साल में सबसे ज्यादा वोटिंग

एजेंसी

सियोल, साउथ कोरिया में राष्ट्रपति चुनाव के लिए वोटिंग खत्म हो गई है। एग्जिट पोल के मुताबिक वामपंथी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के राष्ट्रपति उम्मीदवार ली जे-म्यांग की जीत लगभग तय मानी जा रही है। पोल के मुताबिक ली जे-म्यांग को 51.7% वोट, सत्ताधारी पीपल पावर पार्टी (पीपीपी) के किम मून सू को 39.3% वोट और रिफॉर्म पार्टी के ली जुन-सोक को 7.7% वोट मिल सकते हैं। चुनाव आयोग की तरफ से रिजल्ट की पुष्टि बुधवार को होगी, लेकिन अगर ये आंकड़े सही निकले, तो ली उसी दिन राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। राष्ट्रपति चुनाव में कुल वोटर टर्नआउट 78.3% रहा, जो 1997 के बाद से सबसे अधिक है। यह 2022 के राष्ट्रपति चुनाव के टर्नआउट (77.1%) से भी अधिक है। साउथ कोरिया में 1987 में हुए चुनाव में सबसे ज्यादा 89.2% वोटिंग हुई थी। वैसे तो साउथ कोरिया में 2027 में चुनाव होने थे, लेकिन पीपीपी पार्टी के यून सुक योल को पिछले साल दिसंबर में मार्शल लॉ लगाने की वजह से राष्ट्रपति पद से हटा दिया गया था। यून सुक योल ने मार्शल लॉ लगाने के पीछे राज्य-विरोधी ताकतों और उत्तर कोरिया से खतरे का हवाला दिया था। हालांकि, जल्द ही यह साफ हो गया था कि उन्होंने मार्शल लॉ सिर्फ अपनी राजनीतिक परेशानियों से छुटकारा पाने के लिए लगाया था। एक हफ्ते बाद, संसद ने उन पर महाभियोग लगाया। 4 अप्रैल को, संवैधानिक अदालत ने उनका महाभियोग बरकरार रखा और उन्हें स्थायी तौर पर पद से हटा दिया। इसके बाद कानून के मुताबिक 60 दिन में चुनाव कराना अनिवार्य हो गया था।



# आर्मी अफसरों की प्राइवेसी पर सरकार की एडवाइजरी

## रक्षा मंत्रालय ने कहा- मीडिया बिना परमिशन निजी जानकारी सार्वजनिक न करे



एजेंसी

नई दिल्ली ,रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को मीडिया और लोगों से अपील की है कि वे सीनियर सैन्य अधिकारियों और उनके परिवारों की गोपनीयता का सम्मान करें। सरकार ने इस बारे में एडवाइजरी जारी की है। इसमें लिखा, 'सेवारत या रिटायर्ड सैन्य अधिकारियों के निजी आवासों के पते छापने और उनके परिवारों के इंटरव्यू करने से बचें।'डिफेंस मिनिस्ट्री ने एडवाइजरी में कहा है कि जब तक आधिकारिक तरीके से इसका इनविटेशन या इजाजत न दी गई हो, तब तक आवासीय पते, परिवार के सदस्यों की तस्वीरें या अन्य निजी ब्योरों को छापने या प्रसारित करने से बचें।' 'मीडियाकर्मियों ने कथित तौर पर उनके आवास पर जाकर उनके परिवार के सदस्यों से संपर्क साधने की कोशिश की। इसके अलावा सेना के अफसरों के परिवार से आधिकारिक नहीं, बल्कि व्यक्तिगत मुद्दे पर कवरेज की गई।' भारत-पाकिस्तान तनाव में ऑनलाइन एब्यूज का शिकार हुए विदेश सचिव विक्रम मिसरी 10 मई को भारत पाकिस्तान के बीच सीजफायर के ऐलान के बाद कई यूजर्स विदेश सचिव विक्रम मिसरी

### मंत्रालय ने एडवाइजरी क्यों जारी की

मंत्रालय ने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर के दौरान और उसके बाद सैन्य गतिविधियों से जुड़ी जानकारी देने के लिए समय-समय पर कई अफसर मीडिया के सामने आए। इन अफसरों को लेकर हो रही लगातार कवरेज उनके परिवार के लोगों और निजी जिंदगी तक पहुंच गई।'

की पोस्ट्स पर ऑनलाइन एब्यूज कर रहे थे। यहां तक कि उनके परिवार के साथ उनकी पुरानी तस्वीरें शेयर हो रही थीं जिसके साथ उनकी बेटी का मोबाइल नंबर वायरल कर दिया गया था और कई तरह के कमेंट्स भी किए जा रहे थे। जिसके बाद मिसरी ने अपना एक्स अकाउंट सिक्योर कर लिया।यूजर्स की ट्रोलिंग के बाद सोशल मीडिया पर कई इन्फ्लुएंसर मिसरी के सपोर्ट में उतर आए। उनका कहना है कि सीनियर ऑफिसर को पर्सनल लेवल पर ट्रोल करने वालों पर कार्रवाई होनी चाहिए।सपा नेता अखिलेश यादव विक्रम मिसरी के बचाव में उतरे थेविदेश सचिव की ट्रोलिंग पर अखिलेश यादव ने कहा था- इस मामले की गहराई से जांच की जाए और दोषियों के सोशल मीडिया अकाउंट्स, बैंक खाते और ई-पेमेंट खातों का पूरा ब्योरा निकाला जाए।

# बाढ़-लैंडस्लाइड से नॉर्थ-ईस्ट राज्यों में 37 लोगों की मौत

## सिक्किम में हेलिकॉप्टर से 36 लोगों का रेस्क्यू; एमपी-राजस्थान समेत 20 राज्यों में बारिश का अलर्ट

बाढ़ के हालात में सुधार हुआ है। नदियां खतरे के निशान से नीचे हैं। राज्य के बाढ़ प्रभावित जिलों में 66 राहत शिविर खोले गए हैं, यहां 2926 परिवारों को 10800 से ज्यादा लोग मौजूद हैं। पश्चिमी त्रिपुरा जिले में सबसे अधिक ज्यादा 50 राहत शिविर हैं। राज्य में 219 घर बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। राज्य के 5 जिलों में आज ऑरेंज अलर्ट जारी है।




एजेंसी

नई दिल्ली ,देश के पूर्वोत्तर राज्यों में 29 मई को मानसून ने दस्तक दी थी। 5 दिन बीतने के बाद भी मानसून वहीं ठहरा हुआ है। इसके चलते मणिपुर, असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, मेघालय, मिजोरम और सिक्किम में तेज बारिश हो रही है। एमपी-राजस्थान समेत 20 राज्यों में बारिश का अलर्ट है। नॉर्थ-ईस्ट राज्यों में बाढ़-लैंडस्लाइड से अब तक 36 लोगों की मौत हो चुकी है। असम के 22 जिलों में 5.35 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं और अब तक 11 लोगों की मौत हुई है। 15 नदियां उफान पर हैं। सड़क, रेल और बोट सर्विस प्रभावित है। कुल 165 राहत शिविरों में 31 हजार 212 लोग ठहराए गए हैं।उत्तरी सिक्किम के लाचेंग-चुंगथांग कस्बों में लैंडस्लाइड के कारण फंसे 1678 टूरिस्ट्स रेस्क्यू किए गए। इसमें 36 लोगों को ठऊफत्र की टीम ने हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू किया। 100 से ज्यादा अभी भी यहां फंसे हैं। मंगन जिले में बाढ़ को आपदा घोषित किया गया है।31 मई की शाम जिले के छातेन में मिलिट्री कैंप पर लैंडस्लाइड में 3 जवानों की मौत हुई थी। लापता 6 जवानों की तलाश जारी है।इधर, बिहार के सीवान में सोमवार को आंधी-बारिश के बाद दीवार-पेड़ गिरने से अलग-अलग इलाकों में 2 महिलाओं समेत 7 लोगों की मौत हो गई। जयपुर में भी दीवार गिरने से एक महिला की जान चली गई। वहीं, मध्य प्रदेश के 38 जिलों में आज आंधी-बारिश का अलर्ट है।

पूर्वोत्तर राज्यों में हालात

अरुणाचल प्रदेशः एयरफोर्स ने सोमवार को रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। प्रदेश के निचली घाटी दिबांग में बोमजीर नदी में फंसे 14 व्यक्तियों को बचाया गया। वायुसेना के मुताबिक असम और अरुणाचल प्रदेश में एमआई-17 हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। बाढ़ग्रस्त इलाकों से लोगों को निकाला जा रहा है।

मणिपुरः बाढ़ से 56,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। बाढ़ से 10,477 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। सोमवार को इंफाल ईस्ट में एक व्यक्ति नदी में बह जाने के बाद लापता हो गया। प्रभावित क्षेत्रों से 2,913 लोगों को निकाला गया है।

# आप होंगे कमल हासन, लेकिन...कर्नाटक हाईकोर्ट ने जमकर लगाई फटकार

कमल हासन ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, जिसमें कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स समेत अधिकारियों को निर्देश देने की मांग की गई थी कि वे ठग लाइफ की रिलीज का विरोध न करें। अभिनेता के वकील ने दलील दी कि बयान को गलत संदर्भ में लिया गया है और कमल हासन द्वारा लिखित जवाब कोर्ट में पेश किया।



एजेंसी

कर्नाटक हाईकोर्ट ने अभिनेता कमल हासन को फटकार लगाई है। उन्होंने राज्य में अपनी फिल्म ठग लाइफ की रिलीज के लिए कोर्ट से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की थी। कन्नड़ भाषा पर कमल के बयान के विरोध के कारण कर्नाटक में फिल्म की रिलीज पर संकट मंडरा रहा है। हालांकि, अभिनेता ने माफी मांगने से साफ इनकार कर दिया है। बता दें कि कमल हासन ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, जिसमें कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स समेत अधिकारियों को निर्देश देने की मांग की गई थी कि वे ठग लाइफ की रिलीज का विरोध न करें। अभिनेता के वकील ने दलील दी कि बयान को गलत संदर्भ में लिया गया है और कमल हासन द्वारा लिखित जवाब कोर्ट में पेश किया। लाइव लॉ के अनुसार, बेंच ने कहा कि अगर यह माफी का जवाब है, तो हम इसे स्वीकार करेंगे। इसमें माफी की कोई बात नहीं है। आप कमल हासन हों या कोई और, आप जनता की भावनाओं को ठेस नहीं पहुँचा सकते। 'कन्नड़ तमिल से निकला है' वाले अपने बयान पर दिग्गज अभिनेता को फटकार लगाते हुए हाईकोर्ट की बेंच ने कहा, इस देश का विभाजन भाषाई आधार पर है। एक सार्वजनिक व्यक्ति ऐसा बयान नहीं दे सकता।

# नीतीश के मंत्री ने प्रशांत किशोर पर ठोका मानहानि का केस

जेडी(यू) के राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि प्रशांत किशोर द्वारा मेरी बेटी और मेरे खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के बाद, मैंने उन्हें कानूनी नोटिस भेजा, जिसका उनका जवाब असंतोषजनक था। उन्होंने जो कहा उसके लिए उन्हें स्पष्ट रूप से कोई पछतावा नहीं है।

## प्रशांत किशोर बोले- अभी तक कोई ऐसा पैदा नहीं हुआ है जो...

एजेंसी

बिहार के मंत्री और जेडीयू के वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी ने मंगलवार को जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया है। किशोर ने आरोप लगाया था कि चौधरी ने अपनी बेटी के लिए लोकसभा का टिकट हासिल करने के लिए केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को रिश्वत दी थी। चौधरी, जिनकी बेटी शांभवी समस्तीपुर के आरक्षित निर्वाचन क्षेत्र से लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की सांसद हैं। जेडी(यू) के राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि प्रशांत किशोर द्वारा मेरी बेटी और मेरे खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के बाद, मैंने उन्हें कानूनी नोटिस भेजा, जिसका उनका जवाब असंतोषजनक था। उन्होंने जो कहा उसके लिए उन्हें स्पष्ट रूप से कोई पछतावा नहीं है। उन्होंने कहा कि इसलिए मैंने कानूनी उपाय का सहारा लिया है। मैं प्रशांत किशोर को चुनौती देता हूं कि वे साबित करें कि मैंने चिराग पासवान को पैसे दिए थे या फिर माफी मांगकर अपने आरोप वापस लें। अगर जरूरत पड़ी तो मैं इस लड़ाई को सुप्रीम कोर्ट तक ले जाने के लिए दृढ़ संकल्पित हूं।चौधरी ने पूर्व चुनाव रणनीतिकार किशोर जो कुछ समय तक जेडी(यू) से भी जुड़े रहे थे को एक राजनीतिक व्यापारी बताया, जिन्होंने शुल्क लेकर सभी तरह की पार्टियों को अपनी सेवाएं देने की पेशकश की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एक प्रमुख सहयोगी चौधरी ने आरोप लगाया, इसके विपरीत, हम पूरी तरह से राजनीति में हैं। मैं खुद दूसरी पीढ़ी का राजनीतिज्ञ हूं। मेरी बेटी सबसे कम उम्र की सांसद है। प्रशांत किशोर एक दलित लड़की की इस उपलब्धि को पचा नहीं पा रहे हैं। चौधरी के दिवंगत पिता महावीर चौधरी उस समय मंत्री थे, जब राज्य में कांग्रेस का शासन था। प्रशांत किशोर ने उनके आरोपों का तुरंत जवाब दिया और कहा कि इस तरह की दबाव वाली हरकतें उनके साथ नहीं चलेंगी। तेसडे को पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, मुझे एफआईआर या मानहानि के मामलों का डर नहीं है।



## संक्षेप

### गोमती नदी में प्रदूषण का कहर

**सुल्तानपुर में सैकड़ों मछलियां मृत मिलीं, नालों और फैक्ट्रियों का दूषित पानी जिम्मेदार**

सुलतानपुर, गोमती नदी की स्थिति चिंताजनक हो गई है। सीता कुंड धाम के पास नदी में सैकड़ों मछलियां मृत पाई गईं। गोमती मित्र मंडल के सदस्य अपने नित्य श्रमदान के दौरान इस दृश्य से स्तब्ध रह गए। नदी में प्रदूषण का स्तर खतरनाक स्थिति तक पहुंच गया है। इसके दो मुख्य कारण हैं - नदी में सीधे गिरने वाले नाले और फैक्ट्रियों से निकलने वाला केमिकल युक्त पानी। गोमती मित्र मंडल ने प्रशासन से कई बार इस समस्या के समाधान की मांग की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जीवनदायिनी कही जाने वाली गोमती नदी आज जलीय जीवों के लिए मृत्यु का कारण बन गई है। इतनी बड़ी संख्या में मछलियों की मौत से गंभीर बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। यह स्थिति न केवल मछली खाने वालों के लिए, बल्कि नदी में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी खतरनाक है।

### कलेक्ट्रेट में हनुमान पूजन

**डीएम-एसपी समेत अधिकारियों ने की पूजा, भंडारे के साथ शरबत वितरण**

सुलतानपुर, कलेक्ट्रेट परिसर में जेठ माह के हनुमान जी का पूजन किया गया। जिलाधिकारी कुमार हर्ष और पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने पत्नियों के साथ विधिवत पूजा की। उन्होंने जनकल्याण, शांति और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक, अपर जिलाधिकारी एस. सुधाकरन और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। हनुमान चालीसा और आरती का सामूहिक पाठ किया गया। इसके बाद सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। शरबत वितरण भी किया गया जिलाधिकारी ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। यह जनता के बीच विश्वास और सौहार्द का वातावरण बनाता है। एसपी ने कहा कि धर्म और प्रशासन का उद्देश्य जनसेवा है। इसी दिन गनपत सहाय महाविद्यालय में भी विशेष आयोजन हुआ। महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर प्रबंधक डॉ. ओम प्रकाश पाण्डेय 'बजरंगी' के संरक्षण में प्रसाद के रूप में शरबत वितरण किया गया।

### हनुमंत अस्पताल में महिला मरीज की मौत का मामला

**सीएमओ ऑफिस में दोबारा दर्ज हुआ बेटे का बयान, पीड़ित बोला-अब तक सीज नहीं हुआ हॉस्पिटल**

सुलतानपुर, कुड़वार के महाराजगंज की रहने वाली शिवकुमारी देवी की मौत के मामले में सीएमओ कार्यालय में सोमवार को जांच हुई। मृतका के पुत्र की पूछताछ में कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए। शिवकुमारी का 13 मई 2025 को आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क ऑपरेशन हुआ था। ऑपरेशन से पहले और बाद में कोई चिकित्सक मरीज को देखने नहीं आया।

# शिक्षक भर्ती के लिए अभ्यर्थियों का धरना जारी

**यूपीईएससीबी अध्यक्ष ने मांगा 15 दिन का समय, नोटिफिकेशन की मांग पर अड़े प्रदर्शनकारी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




प्रयागराज, उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन बोर्ड के एलनगंज स्थित कार्यालय के बाहर डीएलएड-बीएड-टीईटी अभ्यर्थियों का धरना सातवें दिन भी जारी है। अभ्यर्थी पिछले 7 साल से रुकी शिक्षक भर्ती का नोटिफिकेशन जारी करने की मांग कर रहे हैं। 26 मई से चल रहे इस धरने में गोरखपुर से आए प्रमोद मौर्य जैसे कई अभ्यर्थी शामिल हैं। प्रमोद ने 2019 में डीएलएड और 2021 में टीईटी पास किया। वे गरीब परिवार से हैं और गेहूं बेचकर धरने में शामिल हुए हैं। 21 मई 2025 को यूपी सरकार ने सोशल मीडिया पर 1.93 लाख शिक्षकों की भर्ती की घोषणा की थी। भर्ती तीन चरणों में होनी थी और हर चरण में 65 हजार पद भरे जाने थे। लेकिन कुछ घंटों बाद ही यह पोस्ट हटा ली गई। सरकार की तरफ से कोई स्पष्टीकरण नहीं मिला। आंदोलनकारी नेता उदय सिंह ने कहा कि यह आर-पार की लड़ाई है। अभ्यर्थी बिना भर्ती नोटिफिकेशन के धरना स्थल नहीं छोड़ेंगे। पिछले कई वर्षों में यह आंदोलन 30 से अधिक बार अलग-अलग स्थानों पर किया जा चुका है।

यूपीईएससीबी के अध्यक्ष कीर्ति पाण्डेय ने धरनास्थल पर पहुंचकर अभ्यर्थियों से बात की और 15 दिन का समय मांगा।

हालांकि अभ्यर्थियों का कहना है कि वे अब सिर्फ नोटिफिकेशन चाहते हैं, आश्वासन नहीं।

# युवक की मौत पर हंगामा

**फोन कॉल पर घर से निकला, ढाबे के पास मिला शव; परिजनों ने किया सड़क जाम**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, एक युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों ने जुआंरियों के द्वारा हत्या करने का आरोप लगाया है। साथ ही आरोपियों की गिरफ्तार की मांग को लेकर सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया। परिजनों के अनुसार मृतक नीरज गुप्ता फोन कॉल आने के बाद घर से निकला था। वह लथपथ स्थिति में बाबा ढाबा के पास घायल मिला। परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार ने घूरपुर पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज न करने और जांच में देरी के विरोध में परिजनों ने मंगलवार को कर्नलगंज थाने के पास शव रखकर सड़क जाम कर दिया। मृतक के जीजा के अनुसार, नीरज जुआ खेलता था और उसकी कुछ लोगों से पुरानी रंजिश थी। परिजनों को आशंका है कि इसी रंजिश में उसकी हत्या की गई है। एसीपी कर्नलगंज ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। उन्होंने निष्पक्ष जांच और शीघ्र एफआईआर दर्ज करने का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजनों ने जाम समाप्त कर दिया। पुलिस पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और घटनास्थल से मिले साक्ष्यों के आधार पर जांच कर रही है। परिजनों ने दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

# बिजली मरम्मत के दौरान अधेड़ की मौत

**❍ पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा, परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, जायस कोतवाली क्षेत्र के सराय महेशा गांव में एक अधेड़ की बिजली के खंभे से गिरने से मौत हो गई। घटना 2 जून की रात करीब 10 बजे पूरे उदवत मजरे सराय महेशा में अधेड़ हुई। मृतक की पहचान राम कुमार मौर्या (55) के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, राम कुमार विद्युत लाइन की मरम्मत के लिए खंभे पर चढ़े थे। इसी दौरान वे अचानक नीचे गिर पड़े। आसपास के लोगों ने तुरंत एंबुलेंस बुलाई और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फुर्सतगंज ले गए। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। राम कुमार स्थानीय स्तर पर बिजली मरम्मत का काम करते थे। वे अक्सर गांव की विद्युत समस्याओं का समाधान करने में मदद करते थे। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि मौत खंभे से गिरने के कारण हुई या करंट लगने से। जायस कोतवाली की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी अमरेंद्र सिंह के अनुसार घटना की जांच जारी है। विधिक कार्यवाही शुरू कर दी गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता और मुआवजे की मांग की है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के वास्तविक कारण का पता चलेगा।

# नाबालिग को भगाने वाले आरोपी को 5 साल जेल

**सुल्तानपुर में पॉक्सो एक्ट में दोषी को सजा, 5 हजार जुमार्ना**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




सुलतानपुर, पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते पॉक्सो एक्ट के एक मामले में दोषी को सजा सुनाई गई है। अरख-12 (पॉक्सो कोर्ट) ने अभियुक्त मनराज निषाद उर्फ भल्लू को 5 साल के कठोर कारावास और 5000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामला 11 दिसंबर 2021 का है। अभियुक्त मनराज निषाद ने वादी की नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। इस संबंध में थाना कादीपुर में मुकदमा नंबर 605/2021 दर्ज किया गया था। आरोपी पर धारा 363/366/376 भारतीय दंड संहिता, 3/4 पॉक्सो एक्ट और 3(2)(वी) एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। क्षेत्राधिकारी राधेश्याम शर्मा ने मामले की विवेचना की। जांच में पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद 26 जनवरी 2022 को आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन कनविक्शन' अभियान के तहत की गई। पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में मॉनिटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी की गई। दोषी मनराज निषाद अम्बेडकरनगर जनपद के अकबरपुर थाना क्षेत्र के बदलपुर का रहने वाला है। न्यायालय ने 3 जून 2025 को अपना फैसला सुनाया।

# फोन पर दूसरे से बात करने से नाराज था

**❍ पति ने की पत्नी की बेरहमी से हत्या की, आरोपी पति और उसका भाई गिरफ्तार**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी तहसील, एक पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी पति और उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में की गई कार्रवाई में रामगंज थाना पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा। आरोपी ऋषि कुमार (32) और उसका भाई शशि कुमार (35) ग्राम मवइया के रहने वाले हैं। पुलिस पूछताछ में ऋषि ने बताया कि उसकी पत्नी का किसी और से फोन पर बात करना उसे नागवार गुजरता था। इसी बात से गुस्से में आकर उसने कुल्हाड़ी से पत्नी की गर्दन पर वार कर हत्या कर दी। घटना के समय उसका भाई शशि कुमार भी मौके पर मौजूद था। पुलिस ने आरोपी ऋषि कुमार की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी उसके घर से बरामद कर ली है। दोनों आरोपियों के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक कृष्ण मोहन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। टीम में उप निरीक्षक संजय सिंह, हेड कांस्टेबल वकील सिंह यादव और कांस्टेबल सूरज प्रजापति शामिल थे।

# तेज आंधी से 20 बिजली के खंभे गिरे

**70 गांवों की बिजली गुल, हजारों लोग प्रभावित; पानी-मोबाइल चार्जिंग की समस्या**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी तहसील, आई तेज आंधी ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। आंधी से 20 से अधिक बिजली के खंभे गिर गए। इससे हजारों की आबादी अंधेरे में है।

पीठीपुर उपकेंद्र से 70 गांवों को छह फीडरों के माध्यम से बिजली आपूर्ति की जाती है। सोमवार को आई आंधी में कई गांवों में बिजली के खंभे टूट गए। पेड़ों के गिरने से बिजली की तारें क्षतिग्रस्त हो गईं। इससे रातभर बिजली आपूर्ति बाधित रही। महाराजपुर, कोहरा और रामगढ़ फीडर की आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। अन्य फीडरों की मरम्मत का काम जारी है। बिजली कटौती से इन्वर्टर काम नहीं कर रहे। मोटरें न चलने से पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। बाजारों में कामकाज प्रभावित हुआ है। मोबाइल चार्ज न होने से संचार व्यवस्था बाधित है। पीठीपुर के निवासी अमित ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना है कि मामूली आंधी में भी पूरा फीडर बंद हो जाता है। कई दिनों तक आपूर्ति बहाल नहीं हो पाती। उपकेंद्र के अवर अभियंता रवि कुमार ने बताया कि तीन फीडर चालू हो चुके हैं। शेष पर काम जारी है। टूटे खंभों को बदला जा रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही सभी गांवों में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

# झूठे प्यार में युवक को फंसाया, फिर की ठगी

**दिल्ली से अलीगढ़ बुलाया था, पुलिस ने तीन लोगों को किया गिरफ्तार**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़, हनीट्रैप कर युवकों से ठगी करने का मामला सामने आया है। गैंग के सदस्य महिला साथी के जरिए युवकों से दोस्ती करते थे फिर उन्हें एकांत में बुलाकर उनके साथ ठगी करते थे। बीते दिनों आरोपियों ने दिल्ली से एक युवक को बुलाकर उसके साथ ठगी की थी। आरोपियों ने पीड़ित से ऑनलाइन रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए थे। घटना के बाद पीड़ित ने अतरौली थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। अतरौली थाने के साथ शहर और देहात की सर्विलांस टीमें आरोपियों की तलाश में जुटी थी। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से लूट का सामान भी बरामद किया गया है। अतरौली थाने में बिहार के जिला भोजपुरा थाना शाहपुर निवासी अविनाश कुमार सिंह पुत्र केशव सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़ित ने बताया कि वह दिल्ली में रहकर नौकरी करता है। बीते दिनों फेसबुक के जरिए उसकी दोस्ती एक युवती से हुई थी। जिसके बाद युवती ने उसे मिलने के लिए अलीगढ़ बुलाया था। पीड़ित युवक जब युवती से मिलने के लिए अलीगढ़ आया तो उसने अपने दो साथियों को युवक के पास भेज दिया। युवती ने पीड़ित युवक से कहा कि यह दोनों तुम्हें मेरे पास ले आएंगे। युवक को दोनों आरोपी अपने साथ सूनसान जगह पर लेकर गए थे और उसके साथ लूटमार की थी। जिसके बाद पीड़ित थाने पहुंचा था और सारी बात पुलिस को बताई थी। एसपी ग्रामीण ने तत्काल टीमों का गठन करके जांच शुरू कर दी थी। पुलिस ने तीनों आरोपियों को अतरौली के कासिमपुर पुलिया रायपुर रोड के पास से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि इनकी महिला साथी पहले सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम पर भोलेभाले लोगों से दोस्ती करती थी। इसके बाद उन्हें मिलने के लिए बुलाती थी। जब पीड़ित महिला से मिलने के लिए आते थे, तो आरोपी उसके साथ लूट करते थे और डरा धमकाकर भगा देते थे। अविनाश के साथ भी आरोपियों ने ऐसा ही किया था, लेकिन उसने जागरुकता दिखाते हुए पुलिस को शिकायत की, जिसके बाद आरोपियों को पकड़ा जा सकता है। पुलिस ने हनी ट्रैप के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# बैंक से निकलते ही बड़े भाई को गोली मारी, मौत

**मथुरा में कार से आया था हिस्ट्रीशीटर हमलावर; 10 साल में परिवार में हुए दो मर्डर**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, जमीन के विवाद में भाई ने भाई की गोली मार हत्या कर दी। दिनदहाड़े बीच बाजार कार से पहुंचे आरोपी ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दी। चार गोलियां लगने से घायल की मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सीसीटीवी में वारदात को देखकर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार दोनों भाई हिस्ट्रीशीटर हैं और एक दूसरे को अपना दुश्मन मानते थे। पूरा मामला फरह थाने के रैपुराजाट चौकी क्षेत्र का है। 48 वर्षीय ओमवीर अपने दो बेटे और दो बेटियों के साथ गंगाधर में रहता है। उसका अपने भाई प्रेमवीर से जमीन को लेकर कई साल से विवाद चल रहा है। इसी वजह से मृतक ने कई साल पहले अपनी गांव की जमीन बेचकर गंगाधर में घर बनवाकर रहने लगा था। पुलिस से अनुसार मंगलवार की दोपहर ओमवीर रैपुरा जाट स्थित केनरा बैंक से रुपए निकालने गया था। इसी दौरान वहां कार सवार दो लोगों ने उसके ऊपर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। दिनदहाड़े बाजार में फायरिंग से लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

# दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में उमड़ी भीड़

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, प्रसिद्ध दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर बिजेथुआ धाम में ज्येष्ठ मास के चौथे मंगलवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भोर से ही दूर-दराज से दर्शनार्थी पहुंचने लगे। करीब 85 हजार श्रद्धालुओं ने हनुमान जी के दर्शन किए। रामायण काल से जुड़े इस मंदिर में हनुमान जी की प्रतिमा प्राकट्य रूप में स्थापित है। मान्यता है कि यहीं पर हनुमान जी ने कालिनेमी राक्षस का वध किया था। श्रद्धालुओं ने पवित्र मकरी कुंड में स्नान किया। बाबा बजरंग बली की जय और जय श्री सीताराम के जयकारों के बीच लड्डू, रोट और प्रसाद चढ़ाया। अंबेडकर नगर के कांग्रेस नेता और व्यवसायी रमेश मिश्रा तथा श्रीविश्वनाथ ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन कलान के प्रबंध निदेशक डॉ. वेद प्रकाश सिंह राजू की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मेला क्षेत्र में कई स्थानों पर शरबत वितरण और भंडारे का आयोजन हुआ। मेले की सुरक्षा व्यवस्था के लिए तीन सब इंस्पेक्टर, दो हेड कांस्टेबल, तीन कांस्टेबल और दो महिला पुलिस कर्मी तैनात रहे।

# हाईवे पर पलटा रिफाइंड भरा टैंकर

**लूटने की मची होड़, लोग बाल्टी-डिब्बों में भरकर ले गए**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी, एक रिफाइंड ऑयल से भरा टैंकर बेकाबू होकर पलट गया। इससे हजारों लीटर रिफाइंड ऑयल सड़क किनारे खेत में जाकर भर गया। यह देखकर आस-पास के गांवों में रहने वाले लोग बाल्टी, डिब्बे और कंटेनर लेकर पहुंच गए। इनमें रिफाइंड भर-भरकर अपने घर ले जाने लगे। तभी किसी ने पुलिस को खबर दे दी। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को खेतों से हटाया। लेकिन, तब तक काफी मात्रा में तेल लूटा जा चुका था। पुलिस ने हादसे में घायल ड्राइवर को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। घटना कमरौली थाना क्षेत्र के वाराणसी-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग की है। एक टैंकर सुल्तानपुर से लखनऊ जा रहा था। कठौरा गांव के पास टैंकर अचानक पलट गया। इस हादसे में टैंकर ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए जगदीशपुर ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। टैंकर में 15 हजार लीटर तेल था प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टैंकर में करीब 15 हजार लीटर रिफाइंड ऑयल था। इसकी बाजार कीमत 18 से 20 लाख रुपए बताई जा रही है। इसमें से ज्यादातर तेल या तो खेतों की मिट्टी में एब्जॉर्ब हो गया

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी